# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार
12 मार्च 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 12 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## मायावती बोलीं- संभल की तरह अफसरों का गलत इस्तेमाल ठीक नहीं, कानून-व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें



लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि रमजान के दौरान पड़ रही होली को भाईचारे के त्योहार में बदलना सभी के हित में रहेगा। उन्होंने कहा कि अफसरों का गलत इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि संभल की तरह अफसरों का इस्तेमाल किया जाना ठीक नहीं है। रमजान के दौरान पड़ रहे होली के त्योहार को आपसी भाईचारे में बदलना सभी के हित में साबित होगा।

उन्होंने एक्स पर कहा कि जैसाकि विदित है कि इस समय रमजान चल रहे हैं और इसी बीच जल्दी होली का भी त्योहार आ रहा है,

शेष पेज 2 पर

# अफसरों की बार-बार दिल्ली दौड़ से सीएम योगी खफा... दी हिदायत

## मंत्रियों से बोले-जिलों में करें समीक्षा



लखनऊ । सीएम ने कहा कि कुछ अधिकारियों का मीटिंग के नाम पर अक्सर दिल्ली जाना ठीक नहीं है। अगर जाना जरूरी है तो उचित कारण बताएं और सक्षम स्तर से अनुमति लेने के बाद ही प्रदेश छोड़ें।

सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने बैठक के बहाने बार-बार दिल्ली जाने वाले अफसरों के दौरे पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि अब से कोई भी अधिकारी सक्षम स्तर से अनुमति लेने के बाद ही प्रदेश के बाहर जाए।

उन्होंने कहा, दिल्ली में किसी मीटिंग में कौन सा अधिकारी जा रहा है, उसकी पूरी रिपोर्ट से उन्हें भी अवगत कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सभी मंत्रियों के साथ विभागीय कामकाज की समीक्षा के दौरान यह बात कही।

सीएम ने मंत्रियों से भी कहा कि वह भी अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में लगातार समीक्षा करें। इसके अलावा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को '10 खरब' करने को ध्यान में रखकर लगातार बैठकें करने और योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए। गन्ना, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, परिवहन समेत करीब आधा दर्जन विभागों की मासिक समीक्षा बैठक न किए जाने पर भी मुख्यमंत्री ने असंतोष जताया।

**महाकुंभ में सरकार की व्यवस्थाओं को जनता के बीच बताएं**

मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जनता के बीच महाकुंभ के बारे में चर्चा करें। वीडियो भी दिखाएं और लोगों को सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताएं।

**जनता की समस्याओं की सुनवाई करें और समाधान कराएं**

बैठक में मुख्यमंत्री को महाकुंभ से संबंधित उस वीडियो को भी दिखाया गया। उसे जनता को दिखाने के लिए तैयार कराया गया है।

शेष पेज 2 पर

# बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर फायरिंग, नौ कोच में 500 यात्री सवार

## BLA ने ली हमले की जिम्मेदारी



नई दिल्ली। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान के माच क्षेत्र में हथियारबंद लोगों ने पेशावर से क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला कर दिया। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। रेलवे ने बताया कि नौ कोच वाली ट्रेन में 500 यात्री सवार हैं।

पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में मंगलवार को ट्रेन पर फायरिंग की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान के माच क्षेत्र में हथियारबंद लोगों ने बोलन जिले के पास क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला कर दिया। हमले में कई ट्रेन के चालक समेत कई यात्री घायल हो गए हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। रेलवे के मुताबिक नौ कोच वाली ट्रेन में 500 यात्री सवार हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन यात्रियों को बंधक बना लिया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बलूचिस्तान सरकार ने आपातकाल लागू कर दिया है।

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक रेलवे नियंत्रक मुहम्मद काशिफ ने कहा कि क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस को छह हथियारबंद लोगों ने पेहरो कुनरी और गदलार के बीच सुरंग नंबर आठ के पास रोक लिया। शेष पेज 2 पर

## मुश्किलों में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल, कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश



नई दिल्ली । कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अरविंद केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है और 18 मार्च को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल को कहा है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलावर को एक बुरी खबर आई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने शिव कुमार सक्सेना की अर्जी को स्वीकार्य किया। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 18 मार्च को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**ये है पूरा मामला-** केजरीवाल पर यह मामला 2019 का है। शिकायतकर्ता ने द्वारका में बड़े होर्डिंग्स लगाए जाने को लेकर सार्वजनिक पैसों की बबार्दी मानते हुए कोर्ट में इसकी शिकायत की थी।

शेष पेज 2 पर

## मॉरीशस में पीएम मोदीः

# रक्षा से शिक्षा तक, भारत के लिए कितना अहम यह देश, कैसे यहां 70% आबादी भारतीय मूल की हुई?



नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम सहित अन्य वरिष्ठ मंत्रियों ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। खास बात यह रही कि प्रवासी भारतीय महिलाओं ने बिहारी लोक संगीत गाकर पीएम मोदी का अभिनंदन किया।

पीएम मोदी 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह दिन केवल मॉरीशस के लिए ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी खास महत्व रखता है, क्योंकि इसका सीधा संबंध महात्मा गांधी से है। आइए जानते हैं, भारत और मॉरीशस का ऐतिहासिक रिश्ता, वहां भारतवंशियों की संख्या, और इस देश का राष्ट्रीय दिवस महात्मा गांधी से कैसे जुड़ा है।

मॉरीशस का इतिहास और भारतवंशियों का आगमन

मॉरीशस, पूर्वी अफ्रीका में हिंद महासागर के पश्चिमी भाग में स्थित एक द्वीप देश है। यह भौगोलिक और रणनीतिक रूप से भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हिंद महासागर में भारत के समुद्री व्यापार मार्गों के करीब स्थित है।

मॉरीशस की 12 लाख की जनसंख्या में से लगभग 70% लोग भारतीय मूल के हैं। इनमें से 48% हिंदू, 32% ईसाई, 18% मुस्लिम और 1.6% अन्य धर्मों के अनुयायी हैं।

भारतवंशियों का मॉरीशस में बसना 19वीं शताब्दी से जुड़ा है। जब ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीयों को गिरमिटिया मजदूरों के रूप में वहां भेजा गया था। 1834 में ब्रिटेन ने गुलामी प्रथा समाप्त कर दी थी, लेकिन खेतों और बागानों में काम करने के लिए श्रमिकों की जरूरत थी। इसी कारण भारत से बिहार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और बंगाल के हजारों लोगों को अनुबंधित मजदूरी (गिरमिटिया मजदूर) के तहत मॉरीशस भेजा गया।

यहां आने के बाद भारतीयों ने कठिनाइयों का सामना करते हुए मॉरीशस की अर्थव्यवस्था और समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज भारतीय मूल के लोग मॉरीशस के राजनीति, प्रशासन, व्यापार और संस्कृति में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**महात्मा गांधी और मॉरीशस का ऐतिहासिक संबंध-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस राष्ट्रीय दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे, वह महात्मा गांधी से गहरे रूप से जुड़ा हुआ है।

शेष पेज 2 पर

## खरगे के एक शब्द पर संसद में तनातनी, राज्यसभा में जमकर हंगामा, भाजपा ने की माफी की मांग





नई दिल्ली। मामला बढ़ता देख मल्लिकार्जुन खरगे ने माफी भी मांग ली। उन्होंने हाथ जोड़कर सफाई दी। इस बीच केंद्रीय मंत्री नड्डा ने खरगे को खूब खरीखोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि बहुत ही दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ने ऐसी भाषा इस्तेमाल की।

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान मंगलवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उपसभापति हरिवंश को कुछ ऐसा कह दिया, जिसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। इसके लिए भाजपा ने उन पर जमकर निशाना साधा और माफी की मांग की।

मामला बढ़ता देख मल्लिकार्जुन खरगे ने माफी भी मांग ली। उन्होंने हाथ जोड़कर सफाई दी। उन्होंने आसन को संबोधित करते हुए कहा कि आपको नहीं, सरकार को ठोकेंगे। हम सरकार की बात कर रहे थे।

शेष पेज 2 पर

### दिल्ली में नई सरकार के गठन के बाद NDMC की बड़ी बैठक

# प्रवेश वर्मा भी हुए शामिल लिए गए बड़े फैसले



दिल्ली । वर्मा ने कहा कि दिल्ली चुनाव के बाद आज NDMC परिषद की पहली बैठक थी। काफी सार्थक चर्चा हुई। यहां 34 झुग्गी-झोपड़ियां हैं जहां पानी की समस्या है। अगले 6-8 महीनों में 9,000 नए पानी के कनेक्शन लगाए जाएंगे, जिससे 4,700 लोगों को फायदा होगा।

दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली चुनाव के बाद पहली बार एनडीएमसी परिषद की बैठक हुई और इसमें काफी सार्थक चर्चा हुई। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि अगले 6-8 महीनों में 9,000 नए पानी के कनेक्शन लगाए जाएंगे, जिससे 4,700 लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने सस्ती बिजली खरीदने के विकल्पों पर भी विचार किया है और एनडीएमसी में साफ-सुथरी सड़कें सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा।

वर्मा ने कहा कि दिल्ली चुनाव के बाद आज ठऊ्टउ परिषद की पहली बैठक थी। काफी सार्थक चर्चा हुई। यहां 34 झुग्गी-झोपड़ियां हैं जहां पानी की समस्या है। अगले 6-8 महीनों में 9,000 नए पानी के कनेक्शन लगाए जाएंगे, जिससे 4,700 लोगों को फायदा होगा। यह बहुत बड़ा फैसला है।

शेष पेज 2 पर

### बिहार | अब युवा मुख्यमंत्री की जरूरत, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने नीतीश को

# नीतीश को बताया मानसिक-शारीरिक रूप से कमजोर



भोजपुर। रालोजपा प्रमुख पशुपति पारस ने नीतीश सरकार को विफल बताते हुए कहा कि पिछले 20 वर्षों में राज्य में एक भी कल-कारखाना नहीं लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में बेरोजगारी चरम पर है, भ्रष्टाचार, लूट, बलात्कार और अपराध की घटनाएं आम हो गई हैं।

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने बिहार की राजनीति में बड़ा बयान देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कार्यक्षमता पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अब मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो चुके हैं और बिहार को अब एक युवा नेतृत्व की जरूरत है।

2025 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे पशुपति पारस

भोजपुर जिले के बिहिया प्रखंड के भड़सरा गांव में स्वतंत्रता सेनानी बाबू चंद्रिका सिंह यादव की 30वीं पुण्यतिथि समारोह में शामिल होने पहुंचे पशुपति पारस ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि रालोजपा 243 विधानसभा सीटों पर दौरा कर रही है और एक इंटरनल सर्वे भी कराया जा रहा है, ताकि चुनावी रणनीति को बेहतर तरीके से तय किया जा सके।

पशुपति पारस ने नीतीश सरकार को विफल बताते हुए कहा कि पिछले 20 वर्षों में राज्य में एक भी कल-कारखाना नहीं लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में बेरोजगारी चरम पर है, भ्रष्टाचार, लूट, बलात्कार और अपराध की घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अब प्रदेश की समस्याओं को संभालने की स्थिति में नहीं हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने एक घटना का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले नालंदा में एक महिला के पैरों में कीलें ठोंक दी गईं, लेकिन सरकार के किसी बड़े मंत्री या अधिकारी ने उसकी सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि यह घटना राज्य में प्रशासनिक विफलता का बड़ा प्रमाण है।

पशुपति पारस ने बताया कि 14 अप्रैल को पटना के बापू सभागार में रालोजपा की एक बड़ी रैली आयोजित की जाएगी।

शेष पेज 2 पर

# असम के कामरूप जिले में दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ किसान मेला आरम्भ



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**असमः** असम के कामरूप जिला कृषि विभाग और कामरूप कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी द्वारा आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का उद्घाटन आज कामरूप जिले के एकीकृत जिला कार्यालय के परिसर में किया गया, जिसका उद्देश्य उपज को प्रदर्शित करना, विपणन करने के साथ-साथ किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों पर आवश्यक सलाह प्रदान करना है। मेले का उद्घाटन आज कामरूप जिला परिषद के सीईओ सिद्धार्थ गोस्वामी, कामरूप के जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता और बागवानी अनुसंधान केंद्र, काहीकूची के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शरत सैकिया ने किया। इस अवसर पर एकीकृत जिला कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित एक बैठक में बोलते हुए, कामरूप जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ गोस्वामी ने कहा कि कामरूप जिले के किसान हाल ही में बेहतर कृषि विधियों का उपयोग करके कृषि क्रांति की शुरूआत करने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि वर्तमान में किसान आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के साथ-साथ कृषि अर्थव्यवस्था में योगदान देने में सक्षम हुए हैं और इस किसान मेले के माध्यम से, किसान अधिक उत्पादक कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूक होकर कृषि में अधिक सफलता प्राप्त करने में सक्षम होंगे। बैठक में जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता ने कहा कि राज्य सरकार नें राज्य में किसानों के उत्पादन को बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र से जुड़े अवसरों और संभावनाओं का उल्लेख किया और कहा कि किसानों को कृषि के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए और साथ ही उनकी उपज की मांग और उसके अनुसार बाजार पर कब्जा होना चाहिए।

कार्यक्रम में विशेष व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहे बागवानी अनुसंधान केंद्र, काहीकुची के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शरत सैकिया ने भी अपने विचार रखे । दो दिवसीय किसान मेले में जिले के प्रगतिशील किसानों द्वारा उपज के प्रदर्शन और बिक्री की व्यवस्था की गई है और किसानों के लिए ₹सब्जियों की खेती₹ पर कृषि वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों के साथ एक इंटरैक्टिव कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी स्वप्नाली बरुआ, उपमंडल कृषि विकास अधिकारी मानस प्रतिम महंत और ज्योति प्रसाद दास भी उपस्थित थे।

# बाइक-स्कूटी वाले सावधानः अब नहीं छोड़ेगी दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, इस गलती पर नहीं करेगी माफ, रद्द होगा लाइसेंस



नई दिल्ली । मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 का उल्लंघन मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 194 एक के तहत दंडनीय है। 14 मार्च 20 को दिल्ली राजपत्र में प्रकाशन के तहत जुमार्ना राशि 1,000 रुपये है।

राष्ट्रीय राजधानी में दोपहिया वाहन चालक सावधान हो जाए। अगर दोपहिया चलाते समय हेलमेट की रस्सी नहीं बांधी तो चालान भी होगा और साथ में ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द हो सकता है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के लिए ट्रैफिक पुलिस रेंज पुलिस उपायुक्त, जिला एसीपी व स्कूल इंस्पेक्टर (टीआई) को पत्र लिखा है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोपहिया चालकों को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटों से बचाने के लिए ये कदम उठाया गया है।

**2024 में हुए 611 दोपहिया चालकों की मौत**

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में तैनात अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सत्यवीर कटारा की ओर से ये लैटर हाल ही में लिखा गया है। अमर उजाला के पास इस लैटर की एक प्रति है। इस लैटर में कहा गया है कि दोपहिया वाहन चालक सड़क पर सबसे अधिक असुरक्षित होते हैं। वर्ष 2024 के दौरान, सड़क दुर्घटनाओं में कुल 611 दोपहिया वाहन चालकों की मौत हुई, जबकि 2233 घायल हुए। सड़क दुर्घटना के मामलों में दोपहिया वाहन चालकों के मारे जाने या गंभीर रूप से घायल होने की संभावना अन्य वाहनों के चालकों/यात्रियों की तुलना में बहुत अधिक होती है।

**अच्छा क्वालिटी का पहने हेलमेट**

दोपहिया वाहन चालक द्वारा अच्छी गुणवत्ता वाला सुरक्षात्मक हेडगियर/हेलमेट पहनने से उनके जीवित रहने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है और सवारों की जान जाने/गंभीर चोटों से बचने में मदद मिलती है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 के अनुसार, चार वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मोटर साइकिल चलाते या सवारी करते समय ऐसा सुरक्षात्मक हेडगियर पहनना जरूरी है जो केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हो।

## कैसा हेलमेट होना चाहिए

- ऐसा हेलमेट होना चाहिए जो अपने आकार, सामग्री और निर्माण के आधार पर, दुर्घटना की स्थिति में मोटरसाइकिल चलाने या सवारी करने वाले व्यक्ति को चोट से बचा सके।
- हेलमेट को गले में बांधने वाली पट्टियों या अन्य फास्टनिंग्स के माध्यम से पहनने वाले के सिर पर सुरक्षित रूप से बंधा हुआ हो।

**क्या है जुमार्ना**

मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 का उल्लंघन मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 194 एक के तहत दंडनीय है। 14 मार्च 20 को दिल्ली राजपत्र में प्रकाशन के तहत जुमार्ना राशि 1,000 रुपये है। इसके अलावा, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 206 की उप-धारा 4 के अनुसार आरोपी सवार का लाइसेंस जब्त किया जा सकता है और धारा 19 के तहत लाइसेंस रद्द करने के लिए भेजा जा सकता है।

**पुलिस ने चलाया अभियान**

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सत्य वीर कटारा ने बताया कि लापरवाही से हेलमेट पहनने व पट्टी से बांधकर हेलमेट नहीं पहनने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। साथ ही सभी रेंज पुलिस उपायुक्त, जिला एसीपी व टीआई को पत्र लिखा गया है। इस पर सख्ती से अमल करवाने के आदेश दिए गए हैं।

# 8 KM का होगा सफरः केंद्र-दिल्ली सरकार के बीच हुआ समझौता, यमुना में होगा नौका विहार, मिलेंगी ये पांच सुविधाएं



**नई दिल्ली ।** समझौता मंगलवार शाम यमुना नदी के तट पर विकसित असिता पार्क में किया गया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना का मानना है कि तेजी से भागती दिल्ली में नदी परिवहन को मेट्रो, सड़क समेत सार्वजनिक परिवहन के दूसरे माध्यमों के साथ समायोजित करने की करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

दिल्ली की यमुना नदी में पर्यटक जल्द ही नौका विहार कर सकेंगे। दिल्ली सरकार ने सोनिया विहार से जगतपुर स्थित शनि मंदिर तक यमुना में बोट टूरिज्म और फेरी सेवा शुरू करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री सवार्नंद सोनोवाल, उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में मंगलवार को भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम के बीच समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए गए।

सात से आठ किलोमीटर लंबा होगा सफर

दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम का प्रस्ताव है कि क्रूज सेवा में दो सोलर या इलेक्ट्रिक बैटरी से चलने वाली नावें होंगी। इसकी क्षमता 20-30 यात्रियों की होगी। नावों को रोकने के लिए बर्थिंग जेटी, टिकट बूथ और चार्जिंग प्वॉइंट, कैफेटेरिया, प्रतीक्षालय समेत दूसरी नागरिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। अभी सोनिया विहार से शुरू होकर नाव जगतपुर तक जाएंगी और फिर वापसी करेंगी। क्रूज का कुल सफर सात से आठ किलोमीटर का होगा। यात्रियों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट्स, अनाउंसमेंट सिस्टम और इनबोर्ड बायो-टॉयलेट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। यात्रियों की संख्या के हिसाब से एक क्रूज दिन भर में चार ट्रिप लगाएगा।

**असीता पार्क में हुआ समझौता**

समझौता मंगलवार शाम यमुना नदी के तट पर विकसित असिता पार्क में किया गया। उपराज्यपाल वीके सक्सेना का मानना है कि तेजी से भागती दिल्ली में नदी परिवहन को मेट्रो, सड़क समेत सार्वजनिक परिवहन के दूसरे माध्यमों के साथ समायोजित करने की करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अभी यह एक शुरूआत है। आने वाले समय में इसमें और विस्तार होगा। इस पर काम चल रहा है। इसमें पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को भी बढ़ावा देंगे।

**आने वाला कल होगा सुंदर**

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आज का आयोजन यह दिखा रहा है कि दिल्ली का आने वाला कल बहुत सुंदर होगा। पीएम मोदी की अगुवाई में दिल्ली की डबल इंजन की सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। यह प्रोजेक्ट दिल्ली के पर्यटन के लिए बड़ा आयाम होगा। इससे पहले की सरकारों ने काम को रोकने की कोशिश की, लेकिन दिल्ली वालों ने उन्हें ही रोककर साइड कर दिया।

**दिल्ली में यमुना नदी पर मिलेंगी यह सुविधाएं**

1. बर्थिंग जेटी (जहां नावों को रोका जाएगा)
2. नॉन-पॉल्यूटिंग सोलर/इलेक्ट्रिक बोट्स (पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने वाली नावें)
3. टिकट बूथ और चार्जिंग प्वाइंट
4. कैफेटेरिया और अन्य सार्वजनिक सुविधाएं होगी
5. प्रतीक्षालय

# होली के दिन बदला रहेगा दिल्ली मेट्रो का समय, DMRC ने जारी की समय सारिणी

नई दिल्ली। राजधानी में 14 मार्च को सभी लाइनों पर मेट्रो दोपहर 2:30 बजे संचालित होगी। यह व्यवस्था एयरपोर्ट लाइन पर भी रहेगी। होली के मौके पर डीएमआरसी ने दिल्ली में मेट्रो सेवा की टाइमिंग में बदलाव किया है। राजधानी में 14 मार्च को सभी लाइनों पर मेट्रो दोपहर 2:30 बजे संचालित होगी। यह व्यवस्था एयरपोर्ट लाइन पर भी रहेगी। डीएमआरसी ने यह फैसला रंग और हुल्लड़बाजी को ध्यान में रखते हुए लिया है।

लखनऊ में भी मेट्रो का संचालन दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा और रोज की तरह रात 10:30 बजे तक चलेगा। सामान्य दिनों में संचालन सुबह छह से रात साढ़े दस बजे तक होता है। ये सूचना मेट्रो प्रबंधन की ओर से मंगलवार को जारी की गई है।

# पेज एक का शेष...

## अफसरों की बार-बार दिल्ली दौड़ से सीएम योगी खफा... दी हिदायत

सीएम ने कहा कि 25 मार्च को प्रदेश सरकार का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसलिए सभी मंत्री जनता के बीच सरकार की आठ साल की उपलब्धियों को बताएं। जनता की समस्याओं की सुनवाई करें और उसका समाधान कराएं।

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर फायरिंग, नौ कोच में 500 यात्री सवार

डॉन न्यूज के मुताबिक नौ कोच वाली इस ट्रेन में 450 से 500 यात्री सवार हैं। ट्रेन के हाईजैक की सूचना मिलने पर बलूचिस्तान सरकार ने आपातकाल लागू कर दिया है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि सिबी अस्पताल में आपातकाल लागू कर दिया गया है। जबकि एंबुलेंस और सुरक्षा बल घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं। रिंद ने कहा कि रेलवे ने भी बचाव कार्य शुरू कर दिया है। रिंद ने कहा कि पहाड़ी इलाका होने के कारण अधिकारियों को घटनास्थल तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर छह हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी की। जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। हमले में कई यात्री घायल हो गए। ट्रेन के चालक को गंभीर चोटें आई हैं। बचाव दल और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और हमलावरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

पिछले साल अक्तूबर में पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने से अधिक समय के निलंबन के बाद क्वेटा और पेशावर के बीच रेल सेवाएं बहाल करने की घोषणा की थी। बलूचिस्तान में पिछले साल आतंकी हमलों में वृद्धि देखी गई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आत्मघाती विस्फोट के बाद कम से कम 26 लोग मारे गए और 62 घायल हो गए।

## खरगे के एक शब्द पर संसद में तनातनी, राज्यसभा में जमकर हंगामा, भाजपा ने की माफी की मांग

क्या है मामला ?-दरअसल, राज्यसभा की कार्यवाही चल रही थी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष कुछ बोलना चाह रहे थे। तभी उपसभापति ने उन्हें रोका। उपसभापति ने उनकी जगह कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह को बोलने को कहा। इस बीच मल्लिकार्जुन खरगे अपनी सीट से उठे और बोलना शुरू कर दिया। जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने तानाशाही का आरोप लगा दिया। उन्होंने सीधे आसन की ओर इशारा करते हुए कहा कि तानाशाही चल रही है। मैं बोलना चाहता हूं। इसकी तैयारी भी की है और आपको क्या-क्या ठोकना है, ठीक से ठोकेंगे। इस पर उपसभापति ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आप सत्ता पक्ष से बहस करिए। इस बीच हंगामा शुरू हो गया। इस बीच खरगे ने यूटर्न लेते हुए कहा कि सरकार को ठोकेंगे। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने खरगे के बयान को सदन का अपमान करार दिया।

जेपी नड्डा ने सुनाई खरीखोटी-केंद्रीय मंत्री नड्डा ने मामले में खरगे को खूब खरीखोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि बहुत ही दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ने ऐसी भाषा इस्तेमाल की। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल आसन के लिए किया। वह अनुभवी हैं और लंबे समय तक संसदीय सदस्य के रूप में काम किया। उन्होंने राज्य में भी काम किया है और राष्ट्रीय राजनीति में भी काम किया है। उन्होंने जिस भाषा का उपयोग किया है, वह सदन का अपमान है, आसन का अपमान है। यह निंदनीय है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। आसन के लिए इस्तेमाल शब्द माफी योग्य नहीं है। यह अस्वीकार्य है। फिर भी कांग्रेस नेता को माफी मांगनी चाहिए। अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए। इसे कार्यवाही से हटा देना चाहिए।

## मुश्किलों में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल, कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश

लेकिन तब मजिस्ट्रेट ने शिकायत खारिज कर दी थी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने रिवीजन पिटीशन डाली। इस बार आखिरकार अर्जी को स्वीकार कर ली गई है और कोर्ट ने केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया।

## रक्षा से शिक्षा तक, भारत के लिए कितना अहम यह देश, कैसे यहां 70% आबादी भारतीय मूल की हुई?

1901 में, जब महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका में नस्लीय भेदभाव के खिलाफ सफल आंदोलन के बाद भारत लौट रहे थे, तो वे कुछ समय के लिए मॉरीशस में रुके थे। इस दौरान, उन्होंने वहां भारतवंशियों से मुलाकात की और तीन महत्वपूर्ण संदेश दिएः

शिक्षा का महत्व भारतीयों को शिक्षित होकर आगे बढ़ना चाहिए।

राजनीतिक सशक्तीकरण मॉरीशस के भारतीयों को अपने अधिकारों के लिए संगठित होना चाहिए।

भारत से जुड़े रहना अपनी जड़ों को न भूलें और भारत के साथ संबंध बनाए रखें।

गांधी के ये विचार आगे चलकर मॉरीशस में भारतीय मूल के लोगों के राजनीतिक और सामाजिक उत्थान का आधार बने। इसी कारण मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस को महात्मा गांधी के विचारों से जोड़कर देखा जाता है।

भारत और मॉरीशस के रिश्तों की अहमियत

भारत और मॉरीशस के संबंध सिर्फ ऐतिहासिक नहीं, बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक स्तर पर भी बहुत मजबूत हैं।

आर्थिक सहयोग भारत मॉरीशस को बुनियादी ढांचे, शिक्षा, तकनीक और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग देता है।

सांस्कृतिक जुड़ाव मॉरीशस में भारतीय त्योहारों, भाषा (हिंदी, भोजपुरी, तमिल), और परंपराओं का गहरा प्रभाव है।

रणनीतिक साझेदारी हिंद महासागर में स्थित होने के कारण, मॉरीशस भारत की समुद्री सुरक्षा और व्यापार मार्गों के लिए महत्वपूर्ण है।

भारत मॉरीशस में कई विकास परियोजनाओं में सहयोग कर रहा है, जैसे कि मेट्रो प्रोजेक्ट, जल संसाधन प्रबंधन और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर।

## प्रवेश वर्मा भी हुए शामिल लिए गए बड़े फैसले

हमने सस्ती बिजली खरीदने के विकल्पों पर भी विचार किया है। उन्होंने कहा कि ठउ्टउ में साफ-सुथरी सड़कें सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। ठउ्टउ क्षेत्र को CCTV कैमरों से लैस किया जाएगा।

वर्मा ने कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ह्यडबल इंजनह्व सरकार के नेतृत्व में हम यमुना के पुनरुद्धार और इसके डूब क्षेत्र की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्षों के अवैध अतिक्रमण और कचरा फेंके जाने के कारण यमुना नदी अवरुद्ध हो गई है ह्वह्व उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस संबंध में प्रादेशिक सेना के साथ औपचारिक संवाद करेंगी। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार कार्य बल की तैनाती के लिए पूर्ण रूप से धन मुहैया कराएगी, जो नियमित गश्त, अनधिकृत निर्माण को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा कि नदी के किनारों पर कचरा और निर्माण कार्य का मलबा न फेंका जाए।

## मायावती बोलीं- संभल की तरह अफसरों का गलत इस्तेमाल ठीक नहीं, कानून-व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें

जिसे मद्देनजर रखते हुये यूपी सहित पूरे देश में सभी राज्य सरकारों को इसे आपसी भाईचारे में तब्दील करना चाहिए तो यह सभी के हित में होगा।

अर्थात इसकी आड़ में किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी है। संभल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल करना ठीक नहीं तथा इनको कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

बता दें कि संभल के सीओ अनुज चौधरी का एक बयान वायरल हुआ था जिसमें वो कह रहे थे कि जिसको भी होली के रंगों से दिक्कत है वो घर के बाहर न निकले। उनके इस बयान पर काफी विवाद हुआ था। हालांकि, सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी उनके बयान का समर्थन किया था और कहा था कि वो एक पहलवान हैं इसलिए ऐसा बोल रहा है। लोगों को सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए।

होली के दिन शुक्रवार भी पड़ रहा है जिसके कारण अफसरों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है।

## नीतीश को बताया मानसिक-शारीरिक रूप से कमजोर

इसके बाद पार्टी की एक बैठक होगी, जिसमें आगे की राजनीतिक दिशा तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक में जो निर्णय लिया जाएगा, उसे हम जनता और मीडिया के सामने स्पष्ट रूप से रखेंगे।

बिहार में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कैंप करने की योजना पर प्रतिक्रिया देते हुए पारस ने कटाक्ष किया- कितना कैंप करेंगे? उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और यह बदलाव आने वाला है। पारस ने कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रिका सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को भूलना नहीं चाहिए, बल्कि उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है।

# प्राथमिक विद्यालय कृष्णपुरी नगर क्षेत्र मेरठ में वार्षिकोत्सव व होली महोत्सव का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। प्राथमिक विद्यालय कृष्णपुरी नगर क्षेत्र मेरठ में वार्षिकोत्सव व होली महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक विनीत गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र भारद्वाज जी एवं श्री कमल दत्त शर्मा लोकसभा संयोजक व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, वार्ड पार्षद श्री राजीव गुप्ता काले उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया तथा तिलक लगाकर सभी का अभिनन्दन किया। विद्यालय द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम में बच्चों द्वारा श्री गणेशा देवा, बूद-बूँद मिलके बने लहर, अंगुली का छल्ला, आयो होली का त्योंहार पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी कला की छठा बिखेरी। आज के समाज में बच्चों में बढ़ते हुए सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने एवं उससे होने वाली परेशानियों को एक प्ले के माध्यम से छात्र/छात्राओं द्वारा बाखूबी प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए श्री धर्मेंद्र भारद्वाज ने कहा की परिषदीय विद्यालयों में इस प्रकार का आयोजन बहुत ही कम देखने को मिलते हैं और इस विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय है तथा इसके अलावा सोशल मीडिया के दुरुपयोग व अन्य कार्यक्रमों द्वारा छात्र-छात्राओं का हुनर कबीले तारीफ है ।

कार्यक्रम में दीपमाला, आँचल गुप्ता, सुमनलता, हुमा, शिखा विनीता देवी, निशान्त, मधुसूदन कौशिक, संजीव भारद्वाज, अनिरूद्ध शर्मा दिलशाद अली आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश के वाहन स्वामियों के लिए खुशखबरी, जल्द मिलेगा चिप वाला आरसी, अप्रैल से मिलेगी यह सुविधा



लखनऊ । यूपी के वाहन धारकों के लिए अच्छी खबर है। अप्रैल के महीने से उन्हें अब चिप लगी हुई आरसी मिलेगी। इसके ग्राहकों को सुविधा होगी।

वाहन स्वामियों को अब रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) को सहेजने के लिए ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ेगा। परिवहन विभाग इसका स्वरूप बदलने जा रहा है। डीएल जैसे चिप युक्त स्मार्टकार्ड के रूप में अब आरसी जारी होगा। इस संबंध में परिवहन विभाग के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिल गई है। यह सुविधा अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है।

स्मार्ट कार्ड में तब्दील होने से रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के फटने और गलने की आशंका भी खत्म हो जाएगी। अब तक वाहन खरीदने पर आरसी कागज का किया जाता है। इसमें लगी माइक्रो चिप से डुप्लीकेसी रोकने में भी मदद मिलेगी। जरूरत पर पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी आसानी से कार्ड रीडर के जरिये इसकी जांच भी कर सकेंगे। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि स्मार्ट आरसी दो भागों में होगा। पहले भाग में वाहन एवं वाहन स्वामी का ब्योरा होगा। दूसरा भाग कार्ड रीडर मशीन से पढ़ा जाने वाला भाग होगा। इसमें सारा ब्योरा दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट आरसी से वाहन स्वामियों को खासी सहूलियत मिलेगी। साथ ही जांच आदि में भी आसानी होगी।

# बरेली-रोजा समेत मुरादाबाद रेल मंडल की छह पैसेंजर ट्रेनें निरस्त

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। रेल प्रशासन की तरफ से मुरादाबाद रेल मंडल की छह पैसेंजर ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। रेलवे की तरफ से ट्रेनों के निरस्तीकरण के लिए तकनीकी कारण बताए गए हैं। निरस्त ट्रेनें में चार बरेली जंक्शन की भी शामिल हैं।

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 64178 मुरादाबाद-बरेली पैसेंजर, 64176 बरेली-रोजा पैसेंजर, ट्रेन संख्या 64175 रोजा-बरेली व ट्रेन संख्या 64177 बरेली-मुरादाबाद पैसेंजर 16 मार्च तक, ट्रेन संख्या 64553 मुरादाबाद-गाजियाबाद 17 मार्च को, 66554 गाजियाबाद-मुरादाबाद पैसेंजर 14 मार्च तक तकनीकी कारणों से निरस्त की गई हैं। इन पैसेंजर ट्रेनों के निरस्त रहने से सबसे ज्यादा दिक्कत दैनिक यात्रियों को होने वाली है।

# सीएम के निर्देश के बाद घटा रनवे के मेंटेनेंस का समय, अब सिर्फ इस समय बंद होगा एयरपोर्ट



**एनपीटी ब्यूरो**

लखनऊ । लखनऊ एयरपोर्ट में मेंटेनेंस की वजह से दिन के विमान 15 जुलाई तक कैंसिल चल रहे हैं। सीएम योगी के निर्देश के बाद अब इसकी समय सीमा घटाई गई है।

विमान यात्रियों की परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमौसी एयरपोर्ट पर चल रहे मरम्मत कार्य के चलते उड़ानों पर रोक के समय को दो घंटा कम करने के निर्देश एयरपोर्ट प्रबंधन को दिए हैं। अभी मरम्मत कार्य के कारण सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक उड़ान पर रोक रहती है। ऐसे में शाम की उड़ानों में भीड़ भी होती है।

अमौसी एयरपोर्ट पर एक मार्च से रनवे विस्तार और समानांतर टैक्सी-वे बनाने का काम किया जा रहा है। यह काम सुबह 10 से शाम छह बजे तक किया जाता है। जिस कारण इस बीच उड़ानों पर रोक रहती है। काम 15 जुलाई तक चलना है। ऐसे में तब हर दिन आठ घंटे फ्लाइटें नहीं जाएंगी। अमौसी एयरपोर्ट से हर दिन 157 उड़ानें जाती हैं। जिनमें 22 पर असर पड़ा है जिनका समय दिन का है। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री के निर्देश को लेकर एयरपोर्ट प्रबंधन ने कहा कि वह इस बारे में डीजीसीए से बात करेगा।

ऐसे में मुख्यमंत्री के निर्देश पर अमल होने के बाद मरम्मत का काम सुबह 10 से शाम चार बजे तक किया जाएगा। जिससे उड़ान चार बजे के बाद शुरू हो सकेंगी। चार बजे के बाद उड़ाने शुरू होने से बड़ी संख्या में यात्रियों को राहत मिलेगी साथ ही एयरपोर्ट में शाम को एकसाथ जमा होने वाली भीड़ में कमी आएगी।

# भक्ति में बड़ी शक्ति होती है-आचार्य गोपाल शरण शास्त्री



महसी (बहराइच)। तहसील महसी के ग्राम पंचायत वीरशाहपुर के मजरा एडौरा स्थित ब्रह्मचारी हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन काशी विश्वनाथ की नगरी बनारस से पधारे प्रवाचक गोपाल शरण शास्त्री महाराज ने भक्त ध्रुव के चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि अवधपुरी के राजा उत्तानपद थे जिनकी शादी सुनीति से हुई थी। शादी के कई साल बीत गए लेकिन उनको कोई संतान नहीं हुई। इस बीच देवर्षि नारद रानी को बताते हैं कि राजा की दूसरी शादी से ही संतान का सुख मिल सकता है। रानी अपनी छोटी बहन सुरुचि की शादी राजा से करवा देती है। कुछ समय बाद दूसरी रानी से एक संतान का जन्म होता है। वहीं कुछ समय बाद बड़ी रानी से भी एक बालक का जन्म होता है।

पांच साल बाद राजा अपने बेटे का जन्मदिन मना रहे थे। उसी बीच बालक ध्रुव भी बच्चों के साथ खेलने लगा। खेलते-खेलते ध्रुव राजा की गोद में बैठ गया। इस बीच छोटी रानी आ जाती हैं और राजा उनसे डरकर ध्रुव को अपनी गोद से ढकेल देते हैं। ध्रुव रोते हुए अपनी मां के पास जाते हैं और पिता द्वारा ढकेले जाने की बात बताते हैं। इस पर उनकी मां ने कहा कि आप उदास न हों वह एक दिन परमपिता परमात्मा की गोद में बैठेंगे। प्रवाचक ने आगे कहा कि ध्रुव की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु उन्हें दर्शन देकर स्वर्ग में स्थायी स्थान देते हैं। आज वही ध्रुव तारा हमें आसमान में दिखाई देता है। कथा के दौरान आयोजक शिव कुमार शुक्ला, लक्ष्मी देवी, दिलीप शुक्ला, देवांश पंडित, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, अनीता शुक्ला, पल्लवी शुक्ला, रेसु शुक्ला, रोहित मिश्रा, दिनेश मिश्रा, पवन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# शांति समिति की बैठक आपकी जिम्मेदारी है कि आपके शहर और क्षेत्र पर कोई दाग न लगे- एसडीएम हिमांशु उपाध्याय



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। आगामी त्यौहार होली के रंग वाले दिन जुमा होने के चलते प्रशासन बेहद सतर्कता बरत रहा है। थानों पर शांति समिति की बैठक कर लोगों से शांतिपूर्वक त्यौहारों को मनाने की अपील की जा रही है। मंगलवार को शाहबाद थाने कर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने लोगों से मिलजुलकर त्यौहारों को मनाने की अपील की। कहा कि सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के सुख दुख में हमेशा साथ रहे ताकि आपसी सौहार्द बना रहे। आपकी जिम्मेदारी है कि आपके शहर और क्षेत्र पर कोई दाग न लगे। जिससे आने वाली नस्लों को परेशानी उठानी पड़े। इस लिए त्यौहारों पर प्रशासन का सहयोग करें। सीओ हर्षिता सिंह ने कहा कि शराब पीकर नशे में हुड़दंग करने वाले की खैर नहीं है, अराजक तत्वों के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि शाहबाद क्षेत्र में 116 जगहों कर होलिका रखी गई है अगर किसी जगह स्थान को लेकर कोई विवाद हो तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें। शहर इमाम मुफ्ती सलमान साहब ने होली के रंग वाले दिन जुमें की नमाज दोपहर 2:30 बजे करने का ऐलान किया। इस वरिष्ठ उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह, एसआई दिलीप कुमार, व्यापारी नेता महेश गुप्ता, मुकेश चंद गुप्ता, शावेज खा, मयंक अग्रवाल सहित कई इमाम मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में ऑटो के उड़े परखच्चे, नर्सिंग के छात्र की मौत, चार लोग घायल

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में मंगलवार को सड़क हादसा हो गया। किसी वाहन की टक्कर से ऑटो में सवार नर्सिंग के छात्र की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। ऑटो को क्रेन की मदद से थाना परिसर में खड़ा कराया गया। उधर, हादसे के बाद मृतक छात्र के परिवार में कोहराम मचा है।



पुलिस के मुताबिक ऑटो कस्बा फतेहगंज पश्चिमी से मीरगंज जा रहा था, जिसमें करीब पांच-छह सवारियां बैठीं थीं। औंध कट के सामने किसी वाहन से ऑटो को टक्कर लग गई। जिससे ऑटो रोड किनारे खेत में पलट गया। हादसे में विशाल पुत्र नामालूम निवासी मुरादाबाद की मौत हो गई। विशाल राजश्री मेडिकल कॉलेज से बीएससी नर्सिंग कर रहे थे।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में लिया फीडबैक.

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेने के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और मरीजों की समस्याओं को सुना। उन्होंने विशेष रूप से बच्चा वार्ड का दौरा किया और भर्ती बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल जाना।अस्पताल में व्यवस्थाओं का लिया जायजा निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी रविंद्र कुमार अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का आकलन किया। उन्होंने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ से मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। इसके अलावा, अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



मरीजों से सीधे बातचीत कर जानी समस्याएं डीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने मरीजों से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में फीडबैक लिया और उनकी परेशानियों को ध्यान से सुना।

निरीक्षण के दौरान डीएम फामेर्सी दवा वितरण कक्ष में भी पहुंचे, जहां उन्होंने बाहर खड़े मरीजों से सीधे बातचीत की। उन्होंने मरीजों से पूछा, ह्लक्या आपको सभी जरूरी दवाइयां मिल रही हैं ?ह्व कई मरीजों ने शिकायत की कि उन्हें कुछ दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को फौरन निर्देश दिया कि अस्पताल में सभी जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को बाहर से दवा न खरीदनी पड़े बच्चा वार्ड में बच्चों से की मुलाकात निरीक्षण के दौरान डीएम रविंद्र कुमार बच्चा वार्ड में भी पहुंचे।

उसके बाद जिलाधिकारी टीवी वार्ड की तरफ पहुंचे जहां उन्होंने टीवी वार्ड में साफ सफाई करने और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए उन्होंने मरीजों से पूछा कि अंडा दूध मिल रहा है उन्होंने डॉक्टर अलका शर्मा से टीवी वार्ड को सुंदर बनाने के निर्देश दिए निरीक्षण के समय उनके साथ डॉक्टर हरपाल सिंह सीएमओ डॉक्टर विश्राम सिंह डॉक्टर एल के सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# एंटी रैबीज सीरम मौजूद फिर भी मरीजों की जेब हो रही ढीली

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। कुत्ता, बंदर, बिल्ली व अन्य जंगली जानवरों के हमले में गंभीर घायल को वैक्सीन के साथ एंटी रैबीज सीरम भी लगाया जाता है। ड्रग वेयर हाउस में सीरम होने के बाद भी मरीजों को बाजार से खरीदकर लगवाना पड़ रहा है। सीरम का वितरण एआरवी सेंटर समेत अन्य किसी सीएचसी पर अभी तक नहीं किया गया है। विभागीय अफसरों के अनुसार शासन से सीरम वितरण का अभी आदेश नहीं मिला है।

15 दिन पहले शासन स्तर से एंटी रैबीज सीरम की 300 वॉयल ड्रग वेयर हाउस भेजी गई थीं, ताकि मरीजों को इसका लाभ निशुल्क मिल सके, लेकिन अफसरों की ओर से अभी तक सीरम का वितरण शुरू नहीं किया गया है। जबकि बड़ी



संख्या में बंदर, कुत्ता आदि जानवरों के हमले में घायल लोग एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने तीन सौ बेड अस्पताल स्थित एआरवी सेंटर पर पहुंचते हैं। विशेषज्ञ के अनुसार अगर गहरा जख्म हो तो सिरम लगवाना जरूरी होता है।

**छह सौ रुपये में मिलता है एआरएस का इंजेक्शन**

बाजार में एआरएस यानी एंटी रैबीज सीरम का इंजेक्शन करीब छह सौ रुपये में मिलता है ।सरकारी सप्लाई में न होने से मरीज को सीरम बाजार से खरीदकर लाना होता है। एआरवी सेंटर पर रोजाना तीन से चार गंभीर मरीज पहुंचते हैं, जिन्हें बाजार से मंगवाकर सीरम लगाया जाता है।

**केस 1**

सीबीगंज निवासी याकूब को तीन दिन पहले कुत्ते ने काटा था, उन्होंने स्थानीय सीएचसी पर वैक्सीन लगवा ली, लेकिन विशेषज्ञ ने एंटी रैबीज सीरम लगवाने की सलाह दी। वह सोमवार को तीन सौ बेड अस्पताल पहुंचे, यहां जानकारी की तो स्टाफ ने बताया कि वैक्सीन उपलब्ध है लेकिन सीरम उन्हें खरीदकर लाना होगा। इस पर याकूब ने सीरम बाहर से खरीद कर केंद्र पर स्टाफ से लगवाया।

प्रभारी आईडीएसपी डॉ. मीसम अब्बास ने बताया कि एंटी रैबीज सीरम की वॉयल प्राप्त हो गई हैं। हालांकि अभी शासन स्तर से वितरण की अनुमति संबंधी आदेश नहीं मिला है। मिलते ही केंद्रों पर वितरण शुरू करा दिया जाएगा, जिससे गंभीर मरीजों को सहूलियत मिल सके।

# संपादकीय

## जुनून के जज्बे से क्रिकेट में बादशाहत

होली से पहले ही हमारी क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर उल्लास-उमंग का ऐसा रंग दिया कि हर भारतीय निखर उठा। होली से पहले देश में दिवाली का भी जश्न मना। देश के कोने-कोने ही नहीं, दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में खूब तिरंगे लहराये। वहां तन-मन पर तिरंगे अहसास मुखरित हुए। निरंतर जीत की लय में नजर आ रही टीम ने देश की धड़कनों को उस समय ऊंचाई दी जब फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। एक ऐसी जीत जिस पर हर भारतीय गर्व कर सके। यह भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी की भी बड़ी जीत थी, जिसने बताया कि क्रिकेट जगत में भारत के दखल का कोई विकल्प नहीं है। इस बार चैंपियन ट्रॉफी का आयोजक पाकिस्तान था, जिसने स्टेडियम तैयार करने और अपनी धरती पर यह वैश्विक स्पर्धा आयोजित करने को जी-जान लगायी और पैसा खर्च किया। लेकिन बावजूद इसके आईसीसी में भारतीय वर्चस्व के चलते हमारी टीम ने कोई भी मैच पाकिस्तान में नहीं खेला। भारत ने सारे मैच तीसरे देश दुबई में खेले। फिर चैंपियंस ट्रॉफी भी जीत ली। पाकिस्तान के हुकमरान व क्रिकेट के कर्ता-धर्ता मन मसोस कर रह गये। बहरहाल, भारतीय टीम का दस महीनों में यह दूसरा विश्व खिताब है। भारत ने जून, 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। कप्तान रोहित शर्मा को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उनकी कप्तानी में देश ने दूसरा आईसीसी टूनामेंट जीता। सही मायनों में फाइनल में उन्होंने कप्तान की पारी खेली और शानदार-धुआंधार 76 रन बनाये। निश्चित रूप से फाइनल मैच में स्पिनरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कसे शिकंजे का ही नतीजा था कि न्यूजीलैंड को 251 पर बांध दिया गया। फिर रोहित की पारी के अलावा श्रेयस अय्यर व केएल राहुल की शानदार पारियों ने टीम को जीत के मुहाने तक पहुंचाया। ओपनर्स रोहित शर्मा और शुभमन गिल की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी ने टीम में जीत का जज्बा पैदा किया। दोनों धुरंधरों ने पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। बहरहाल, बारह साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी में जीता खिताब भारतीयों को उल्लास से भर गया। वहीं टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में पच्चीस साल पहले न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार का भी बदला ले लिया। सुखद यह भी है कि हमारी टीम पूरे टूनामेंट में अजेय रही। उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि भारतीय टीम तीन बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर टूनामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम बन गयी। यह भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिये निश्चय ही गर्व की बात है। इस टूनामेंट की एक खास उपलब्धि रही मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की खोज। वे शुरूआत में प्रस्तावित टीम का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उन्होंने खुद को साबित किया और विरोधियों को उन्हें समझने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की उपलब्धि यह भी है कि उसने आईसीसी इवेंट्स में पिछले 14 मैच लगातार जीते हैं। गर्व का पल यह भी है कि भारत के पास एक ही समय में टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब है। दुनिया की ऐसी अनुभवी टीम जिसमें रोहित शर्मा व विराट कोहली के पास नौ आईसीसी फाइनल खेलने का रिकॉर्ड है। बहरहाल, इस मैच में भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को इस बात को लेकर निराशा जरूर हुई होगी कि पूरे टूनामेंट में शानदार फॉर्म में रहे विराट कोहली फाइनल मुकाबले में सिर्फ दो गेंदों का ही सामना कर पाए। लेकिन श्रेयस अय्यर व केएल राहुल ने इस कमी को पूरा किया। बहरहाल, टॉस के मामले में अनलकी रहने वाले रोहित शर्मा ने होली से पहले क्रिकेट की जीत के रंग में भारतीयों को सराबोर कर दिया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने अपनी जमीन पर वर्ष 2023 के वर्ल्ड कप में मिली पराजय के बाद जीत का जबरदस्त जज्बा पैदा किया। तब लगातार दस मैच जीतने के बावजूद टीम फाइनल में हार गई थी। लेकिन टीम ने वैसी गलती फिर नहीं दोहरायी। पहले 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप जीता और अब चैंपियंस ट्रॉफी। यह जीत की लय बनी रहे।


# छोटे परमाणु रिएक्टर बदलेंगे ऊर्जा का परिदृश्य

**एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों में उन्नत तकनीक का उपयोग किया जाता है, जैसे कि पैसिव सुरक्षा प्रणाली, उन्नत ईंधन चक्र और उन्नत नियंत्रण प्रणाली। एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों को सेफ्टी के लिए डिजाइन किया जाता है। एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों को लागत की दृष्टि से प्रभावी बनाया जाता है। इंटीग्रल प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर (आईपीडब्ल्यूआर) और हाई-टेम्परेचर गैस-कूल्ड रिएक्टर (एचटीजीआर) एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों के कुछ उदाहरण हैं। आईपीडब्ल्यूआर रिएक्टर एक एकल इकाई में प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर और टर्बाइन को एकीकृत करते हैं जबकि एचटीजीआर रिएक्टर उच्च तापमान पर काम करते हैं और गैस कूलिंग का उपयोग करते हैं। निःसंदेह, एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों का विकास और उपयोग परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कि सुरक्षित, कुशल और लागत-प्रभावी ऊर्जा उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है।**

भारत में ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है और मॉड्यूलर रिएक्टर इस मांग को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास से भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में आत्मनिर्भर बन सकता है। मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास में कुछ चुनौतियां और चिंताएं भी हैं।

विश्व में हाल में परमाणु ऊर्जा की तरफ नई दिलचस्पी पैदा हुई है और इसकी मुख्य वजह यह कि विभिन्न देश अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर गमन करना चाहते हैं। जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दों को हल करने के लिए कई देश परमाणु ऊर्जा को एक स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत के रूप में देख रहे हैं। परमाणु ऊर्जा ने पिछले 50 वर्षों में पहले ही लगभग 70 गीगाटन (70 अरब मीट्रिक टन) कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम किया है, और इसका निरंतर विस्तार नेट जीरो इमिशन (हानिकारक उत्सर्जन के उन्मूलन) के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

आने वाले समय में एआई सिस्टम के संचालन के लिए निरंतर ऊर्जा आपूर्ति की जरूरत पड़ेगी। पारंपरिक ऊर्जा स्रोत एआई सेक्टर की मांग पूरी नहीं कर सकते। इस समय सिर्फ परमाणु ऊर्जा ही इस जरूरत को पूरा कर सकती है। भारत ने अपने परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण और मौजूदा संयंत्रों को अपग्रेड करना शामिल है। दुनिया में अब बड़े परमाणु रिएक्टरों के बजाय छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों का चलन बढ़ रहा है। भारत भी मॉड्यूलर रिएक्टरों के मामले में किसी से पीछे नहीं रहना चाहता।



अभी हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने आधुनिक परमाणु रिएक्टरों को संयुक्त रूप से विकसित करने की मंशा व्यक्त की, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि ऊर्जा सुरक्षा और कम कार्बन अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के लिए परमाणु ऊर्जा महत्वपूर्ण है। दोनों देशों ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) और एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों (एएमआर) के बारे में एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। भारत और फ्रांस ने इस बात पर जोर दिया कि ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और कम कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर गमन के लिए परमाणु ऊर्जा एनर्जी मिक्स (विभिन्न ऊर्जा स्रोत) का एक अनिवार्य हिस्सा है। एसएमआर कॉम्पैक्ट परमाणु विखंडन रिएक्टर हैं जिन्हें कारखानों में निर्मित किया जा सकता है और फिर कहीं और स्थापित किया जा सकता है। वे आम तौर पर पारंपरिक परमाणु रिएक्टरों की तुलना में कम क्षमता वाले होते हैं।

मॉड्यूलर रिएक्टर मॉड्यूलर डिजाइन पर आधारित होता है। यह रिएक्टर छोटे और मॉड्यूलर इकाइयों में बनाया जाता है जिन्हें एक साथ जोड़कर एक बड़ा रिएक्टर बनाया जा सकता है। मॉड्यूलर रिएक्टर छोटे आकार में बनाए जा सकते हैं, जिससे उन्हें आसानी से ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है। मॉड्यूलर रिएक्टर की लागत कम होती है, क्योंकि उन्हें मॉड्यूलर इकाइयों में बनाया जाता है। मॉड्यूलर रिएक्टर में पैसिव कूलिंग सिस्टम जैसे कई सुरक्षा उपाय होते हैं। इनकी दक्षता बढ़ाने के लिए कई तकनीकों का उपयोग किया जाता है। स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) छोटे आकार के रिएक्टर होते हैं जो 10-100 मेगावाट की क्षमता वाले होते हैं।

एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों में उन्नत तकनीक का उपयोग किया जाता है, जैसे कि पैसिव सुरक्षा प्रणाली, उन्नत ईंधन चक्र और उन्नत नियंत्रण प्रणाली। एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों को सेफ्टी के लिए डिजाइन किया जाता है। एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों को लागत की दृष्टि से प्रभावी बनाया जाता है। इंटीग्रल प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर (आईपीडब्ल्यूआर) और हाई-टेम्परेचर गैस-कूल्ड रिएक्टर (एचटीजीआर) एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों के कुछ उदाहरण हैं। आईपीडब्ल्यूआर रिएक्टर एक एकल इकाई में प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर और टर्बाइन को एकीकृत करते हैं जबकि एचटीजीआर रिएक्टर उच्च तापमान पर काम करते हैं और गैस कूलिंग का उपयोग करते हैं।

निःसंदेह, एडवांस्ड मॉड्यूलर रिएक्टरों का विकास और उपयोग परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कि सुरक्षित, कुशल और लागत-प्रभावी ऊर्जा उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। मॉड्यूलर रिएक्टर का उपयोग विद्युत उत्पादन के अलावा उद्योगों में ऊर्जा उत्पादन के लिए किया जा सकता है। इनका उपयोग विभिन्न चिकित्सा अनुप्रयोगों में भी किया जा सकता है। रेडियो आइसोटोप उत्पादन के लिए छोटे रिएक्टर बहुत उपयोगी होंगे।

भारत का लक्ष्य स्वच्छ ऊर्जा में अपने परिवर्तन के हिस्से के रूप में 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पन्न करना है। निजी क्षेत्र की भागीदारी को सक्षम करने के लिए सरकार परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति अधिनियम के लिए नागरिक दायित्व में संशोधन पर भी विचार कर रही है। इस समय परमाणु ऊर्जा संयंत्र भारत की कुल स्थापित बिजली क्षमता 462 गीगावाट का 1.8 प्रतिशत और कुल बिजली उत्पादन का लगभग 3 प्रतिशत योगदान देते हैं। इससे सालाना लगभग 4.1 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड की बचत होती है। वर्ष 2022 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन कार्यालय को सौंपी गई अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति में भारत ने 2032 तक स्थापित परमाणु क्षमता में तीन गुना वृद्धि का अनुमान लगाया है। सरकार ने एसएमआर के अनुसंधान और विकास के समर्थन करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ एक परमाणु ऊर्जा मिशन शुरू करने की योजना की घोषणा की है। पहल के हिस्से के रूप में, भारत 2033 तक कम से कम पांच स्वदेशी रूप से विकसित एसएमआर को चालू करने की योजना बना रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कई परियोजनाओं को शुरू किया है। देश में मॉड्यूलर रिएक्टर की स्थिति में तेजी से प्रगति हो रही है। मॉड्यूलर रिएक्टर परियोजना में अहमदाबाद में दो, काकरापार में चार, राजस्थान में दो, तमिलनाडु में दो मॉड्यूलर रिएक्टरों का निर्माण किया जा रहा है, जिनकी प्रत्येक की क्षमता 700 मेगावाट होगी। आने वाले वर्षों में कई और परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

भारत में ऊर्जा की मांग तेजी से बढ़ रही है और मॉड्यूलर रिएक्टर इस मांग को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास से भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में आत्मनिर्भर बन सकता है। मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास में कुछ चुनौतियां और चिंताएं भी हैं। परमाणु ऊर्जा को कुछ लोग अक्सर स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के रूप में देखते हैं लेकिन इसे पूरी तरह से स्वच्छ नहीं कहा जा सकता। रिएक्टरों के साथ दुर्घटनाओं का खतरा रहता है। इसके अलावा परमाणु अपशिष्ट का प्रबंधन भी बड़ी समस्या है। मॉड्यूलर रिएक्टर के निर्माण और संचालन की लागत अधिक हो सकती है। मॉड्यूलर रिएक्टर के विकास में प्रौद्योगिकी की भी चुनौतियां हैं। रिएक्टर के डिजाइन और निर्माण में सटीकता की आवश्यकता होती है।

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी।

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक



कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56,120 करोड़ रुपये के लोन में से 7.3 प्रतिशत एनपीए हो चुके हैं। एनपीए वो कर्ज है जिसकी कोई भी किश्त 180 दिनों तक चुकाने में लेनदार असफल हो जाता है। इसके बाद बैंकों को इस तरह के लोन को एनपीए में डालना होता है। हालांकि इस लोन की वसूली की कोशिश जारी रहती है और कई बार ये पूरा या आंशिक तौर पर वापस मिल जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक 91 से 180 दिन का बकाया लोन कुल आउटस्टैंडिंग का 3.3 फीसदी है, जबकि 180 दिन से ज्यादा बकाया लोन 9.7 प्रतिशत है।

माइक्रोफाइनेंस को लेकर अब संस्थान भी सतर्कता बरत रहे हैं। क्योंकि उन्हें एनपीए अभी और बढ? की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन पर रिस्क वेट घटाया इसी बीच बिजनेस लोन पर जोखिम वेट 125 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया है, जिससे बैंकों को राहत मिलेगी। छोटे बैंकों को हो रहे नुकसान को देखते हुए इस नियम में बदलाव से इन्हें फायदा मिल सकता है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता की तरफ पूर्व में चेतावनी मिल चुकी है। 12 अप्रैल 2024 को पेरिस स्थित शोध संगठन वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की ओर जारी एक शोधपत्र में बताया गया था कि देश के शीर्ष एक फीसद तबके की आमदनी और संपत्ति में हिस्सेदारी अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। शोधपत्र के निष्कर्षों में कहा गया है कि साल 2023 तक सबसे अमीर एक फीसद भारतीयों के पास देश की आय का 22.6 फीसद और संपत्ति का 40 फीसद हिस्सा था। इनकम ऐंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडिया, 1922-2023 द राइज ऑफ बिल्यनेर राज शीर्षक वाले शोधपत्र के अनुसार आजादी के बाद से 1980 के दशक की शुरूआत तक गैर-बराबरी में कमी आई थी लेकिन इसके बाद इसमें बढ़ोतरी शुरू हो गई और 2000 के दशक की शुरूआत में यह बहुत तेज गति से बढ़ी। देश के शीर्ष एक फीसद लोगों ने 2022-23 में औसतन 53 लाख रुपए कमाए, जो औसत भारतीय की आय से 23 गुना अधिक है जिसने 2.3 लाख रुपए की आय सृजित की। देश के निचले पायदान के 50 फीसद और बीच के 40 फीसद लोगों की औसत आय क्रमश 71, 000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.3 फीसद) और 1,65,000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.7 फीसद) रही सबसे अमीर 9,223 लोगों (9.2 करोड़ वयस्क भारतीयों में से) ने औसतन 48 करोड़ रुपए कमाए (औसत भारतीय आय से 2,069 गुना)। भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद निजी उद्यम में वृद्धि और पूंजी बाजार की वृद्धि ने शीर्ष के कुछ ही लोगों के हाथों में संपत्ति का सिमटना बढ़ाया है। उदारीकरण के बाद से सेवा की अगुआई में हुई आर्थिक वृद्धि के भी असमानताकारी असर हुए। इस पूरे हालात से साफ है कि भारत की खपत ग्रोथ संतुलित नहीं है। एक तरफ जहां अमीर और अमीर हो रहे हैं, वहीं गरीब और गरीब जिसके लिए आने वाले समय में सरकार को बड़े कदम उठाने होंगे जिससे आर्थिक असमानता कम हो सके।

# नारायण नाम लेने मात्र से अजामिल को मिली मुक्ति-आचार्य गोपाल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



महसी (बहराइच)। तहसील महसी के ग्राम पंचायत वीरशाहपुर के मजरा एडौरा स्थित ब्रह्मचारी हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन काशी विश्वनाथ की नगरी बनारस से पधारे प्रवाचक गोपाल शरण शास्त्री महाराज ने अजामिल की कथा सुनाते हुए कहा कि अजामिल का जन्म कान्यकुब्ज के एक कुलीन ब्राह्मण परिवार में हुआ था वह धर्मपरायण, सदाचारी, बुद्धिमान और भगवान विष्णु का भक्त था एक दिन वह गांव से बाजार जा रहा था, तो उसने एक नर्तकी को देखा नर्तकी वेश्या थी, लेकिन वह उसे अपने घर ले आया जिससे उसे नौ लड़कियां हुई,अजामिल अपने नौ बच्चों के साथ रहने लगा औल उनके पालन पोषण के लिए चोरी डकैती आदि बुरें कामों में लिप्त हो गया,एक दिन पच्चीस संतों का एक काफि ला अजामिल के गांव से गुजर रहा था,साधुओं ने अजामिल से दक्षिणा मांगी, लेकिन अजामिल के पास दक्षिणा नहीं थी,साधुओं ने कहा कि हमें तुम्हारी स्तिथि तो बहुत ही खराब है हमें तुमसे दक्षिणा में कोई रुपया-पैसा नहीं चाहिए तुम सिर्फ अपने होने वाले पुत्र का नाम नारायण रख लेना, अजामिल की पत्नी को पुत्र पैदा हुआ, तो अजामिल ने उसका नाम नारायण रख लिया जिसके बाद जब भी वह अपने पुत्र को पुकारता तो नारायण का नाम लेता जिसके कारण जब अजामिल का अंत समय आया, तो यमदूतों को भगवान के दूतों के सामने अजामिल को छोड़कर जाना पड़ा।इससे हमें यह पता चलता है कि भगवान के नाम का उच्चारण करने से पापियों को भी मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। कथा के दौरान आयोजक शिव कुमार शुक्ला, लक्ष्मी देवी, दिलीप शुक्ला, देवांश पंडित, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, अनीता शुक्ला, पल्लवी शुक्ला, रेसु शुक्ला, रोहित मिश्रा, दिनेश मिश्रा, पवन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# पांच सालियों ने ऐसा किया, भरी पंचायत में शर्म से पानी-पानी हुआ जीजा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा से सटे भरतपुर के बयाना कस्बे के बमनपुरा मोहल्ले में सोमवार को एक पंचायत चल रही थी। आरोप है नगर पालिका के सभासद गिर्राज कुशवाह को उनकी पांच सालियों ने चप्पलों से पीट दिया। वहीं सालियों आरोप है कि सभासद ने पुश्तैनी जमीन को गुपचुप तरीके से बेच दिया है। मामला आगरा जिले की किरावली तहसील के गांव औलेंडा में करीब दो बीघा जमीन का है। सालियों का आरोप है कि गिर्राज ने उनके पिता बदनी कुशवाह को गुमराह कर 3 फरवरी 2023 को मृत्यु से पहले खेती की जमीन, रिहायशी घर और नौहरा अपनी पत्नी प्रेमवती के नाम करवा लिया। वसीयत में मां अंगूरी देवी की सेवा की शर्त थी। सालियां लालमती, विमला, बरफी, मीरा और श्रीमती ने आरोप लगाया कि जीजा ने जमीन को ऊंची कीमत पर बेच दिया है। सोमवार को पांचों बहनें मां के साथ बयाना पहुंचीं। कुशवाह धर्मशाला में पंचायत बुलाई गई। यहां सभासद के हिस्सा देने से मना किया तो सालियों ने उनसे हाथापाई कर दी। सभासद गिर्राज का कहना है कि उन्होंने ससुर की सेवा की थी। इसलिए ससुर ने खुद रजिस्टर्ड वसीयतनामा किया था। सालियां प्रॉपर्टी में हिस्सा चाहती हैं, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में अब पूरी संपत्ति उनके नाम है।

# अयोध्या में सबसे पहले स्थापित होंगी सप्त मंडपम की मूर्तियां, बन रहे हैं सात मंदिर

अयोध्या । अयोध्या के सप्त मंडपम में सात मंदिर बन रहे हैं। जिसमें सात मूर्तियां स्थापित होंगी। इसके बाद परकोटा के छह मंदिरों में मूर्ति स्थापना होगी। सबसे अंत में राम दरबार की मूर्ति स्थापित की जाएगी।

राम जन्मभूमि परिसर में 16 और मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है। इन सभी मंदिरों की मूर्तियां भी बन कर तैयार हो गई हैं। 30 अप्रैल तक सभी मंदिरों की मूर्तियां अयोध्या पहुंच जाएंगी। फिर इन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का क्रम शुरू होगा। सबसे पहले सप्त मंडपम के सात मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि सप्त मंडपम में सात ऋषि-मुनियों के मंदिर बनकर तैयार हो चुके हैं। इनमें महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्तय, निषाद राज, शबरी व अहिल्या के मंदिर हैं। सबसे पहले इन सात मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने की योजना है। इसके बाद राम मंदिर के चारों तरफ बन रहे 800 मीटर लंबे परकोटा में निमार्णाधीन छह मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसमें भगवान सूर्य, गणेश, हनुमान, अन्नपूर्णा व माता भगवती की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी।

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि सबसे अंत में राम दरबार की स्थापना की जाएगी। राम दरबार में श्रीराम और सीता की मूर्तियां एक ही पत्थर पर बनाई गई हैं। जबकि भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न व हनुमान जी की मूर्तियां अलग-अलग बनाई गई हैं। राम दरबार की स्थापना राम मंदिर के प्रथम तल पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी मूर्तियों की स्थापना जानकी नवमी से पहले कर ली जाएंगी।

# व्यास ने सुनाई कंस वध की कथा, जय श्री कृष्ण के नारों से गूंजा पांडाल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

महसी (बहराइच)। तहसील महसी के ग्राम पंचायत वीरशाहपुर के मजरा एडौरा स्थित ब्रह्मचारी हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में काशी विश्वनाथ की नगरी बनारस से पधारे प्रवाचक गोपाल शरण शास्त्री महाराज ने कंस वध की कथा सुनाई। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। प्रवाचक ने कहा कि कंस बहुत ही क्रूर, अत्याचारी और दुष्ट राजा था। उसने राजपाट पाने के लिए अपने पिता उग्रसेन को जबरन गद्दी से हटाकर खुद बैठ गया। दुष्ट कंस ने अपनी बहन देवकी के नवजात संतानों की भी हत्या करा दी, लेकिन आठवीं संतान कृष्ण का बाल भी बांका न कर सका और कृष्ण के हाथों कंस का वध हुआ। कथा के दौरान आयोजक शिव कुमार शुक्ला, लक्ष्मी देवी, दिलीप शुक्ला, देवांश पंडित, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, अनीता शुक्ला, पल्लवी शुक्ला, रेसु शुक्ला, रोहित मिश्रा, दिनेश मिश्रा, पवन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# धर्म परिवर्तन और जबरन खतना करवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाहबाद। दिनांक 6 मार्च को वादी की दाखिला तहरीरी सूचना बावत अभियुक्त ठेकेदार मौ एजाज पुत्र निवासी ग्राम काशीपुर आंगा थाना गंज जनपद रामपुर द्वारा वादी के भतीजे के दो बच्चो का जबरन खतना करवाकर धर्म परिवर्तन करने तथा वादी के भतीजे को धर्म परिवर्तन करने का दबाब डालने के सम्बन्ध में थाना शाहबाद पर बीएनएस की संबंधित धाराओं व उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधीनियम 2021 पंजीकृत किया था विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में धारा एस सी एक्ट की वृद्धि की गयी, मंगलवार को सुरागरशी व विवेचनात्मक कार्यवाही एवं तकनीकियों का उपयोग करते हुये थाना शाहबाद पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त ठेकेदार मौ एजाज पुत्र मो0 इशाक निवासी म0नं0 77 ग्राम काशीपुर आंगा थाना गंज जनपद रामपुर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम लोधीपुर तिराहे पर हनुमान जी की मूर्ती के सामने बने यात्री शैड से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत, वरिष्ठ उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, उप निरीक्षकवीराहुल यादव आरक्षी बदन सिंह आरक्षी अमित सिंह शामिल रहे।

# सीतापुर पत्रकार हत्या के विरोध में पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन इकाई सैफनी द्वारा थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



उत्तर प्रदेश सैफनी। उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर की तहसील महोली के तहसील संवाददाता राघवेंद्र बाजपेई को एक खबर प्रकाशित करने से भड़के कुछ दबंगों द्वारा 8 मार्च को दिनदहाड़े सरेआम गोलियों से निर्मम हत्या कर दी गई थी जिसको लेकर प्रदेश भर के सभी पत्रकारों में रोष व्याप्त है उसी के संबंध में मंगलवार सुबह पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड शाहबाद इकाई सैफनी के नगर अध्यक्ष गुलशद अली के नेतृत्व में संगठन द्वारा डीजीपी उत्तर प्रदेश पुलिस के नाम थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करने की मांग और पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के परिवार को 5 करोड़ मुआवजा दिलाए जाने एवं पूरे प्रदेश भर के पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कड़े से कड़े कदम उठाए जाने की मांग की गई, इस अवसर पर पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन इकाई सैफनी नगर अध्यक्ष गुलशद अली, महासचिव नईम आजाद, कोषाध्यक्ष रामसेवक रस्तौगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिंहराज सागर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज जोशी, प्रवक्ता महफूज वारसी, वरिष्ठ सदस्य अरविंद मौर्य आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।।

# ठाकुर द्वारकाधीश मन्दिर में मेरो खोय गयो बाजूबंद रसिया होली में...



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। स्वर्ण व रजत पिचकारी से रंग डालते सेवायत, होली के रसिया मेरो खोय गयो बाजूबंद रसिया होली में, आज ब्रज में होली रे रसिया पर झूमते और आराध्य के दर्शन की एक झलक पाने को श्रद्धालु आतुर दिखे। यह बानगी सोमवार को ठाकुर श्री द्वारिकाधीश मंदिर में देखने को मिली।

रंगभरनी एकादशी पर राजाधिराज ने कुंज में विराजमान होकर भक्तों के साथ होली खेली। इस दौरान गायकों ने खेलें श्यामा श्याम री, आज कुंजन में होरी, मैं तो मर जाऊंगी गोपाल मोपे नजर मत डारे, मत मारे नजर की चोट रसिया होरी में गाकर माहौल होलीमय कर दिया। सभी भक्तों पर पिचकारी से रंग और अबीर गुलाल डालकर सेवायतों ने भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि यह क्रम अब निरंतर रूप से जारी रहेगा। मंगलवार को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक रसिया गायन के साथ ठाकुरजी होली खेलेंगे। बुधवार को भव्य बगीचे का आयोजन मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश में ही होगा। बांग्ला ग्वाल और श्रृंगार नियमित समय से होंगे। वहीं, बगीचे के विशेष दर्शन दोपहर 1:00 बजे से 2:30 बजे तक होंगे। ठाकुर जी बगीचे में विराजमान होकर होली खेलेंगे और उसी दिन ठाकुर जी के शयन के दर्शन सायंकाल 4:30 बजे से 5:00 बजे तक होंगे।

# गर्भधारण में बाधा बन रहा थायराइड

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। थायराइड होने के कारण महिलाओं को एक ओर जहां गर्भधारण करने में दिक्कत हो रही है तो दूसरी ओर इसका असर गर्भस्थ शिशु के विकास पर भी पड़ता है। जिला महिला अस्पताल में प्रतिदिन 80-90 महिलाओं की ओपीडी होती है, जिसमें 30 फीसदी महिलाएं थायराइड से पीड़ित पहुंच रही हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहिनी व्यास के अनुसार किसी भी उम्र में थायराइड हो सकता है। कम प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों में इस बीमारी के होने की आशंका ज्यादा रहती है। यह अनुवांशिक भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के बिना परामर्श के दवा का सेवन करना थायराइड होने का कारण है। इनमें हृदय रोग और डिप्रेशन की दवा प्रमुख है। कमजोरी होना, शरीर में सूजन, ज्यादा पसीना आना थायराइड के लक्षण हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे में शुरूआत में सबसे पहले थायराइड का स्तर पता लगाने के लिए सीरम टीएसएच की जांच कराई जाती है। तनाव या थायराइड के चलते समय से पहले प्रसव होने की संभावना भी बढ़ जाती है। थायराइड में वजन बढ़ने के साथ ही हार्मोन भी गड़बड़ा जाता है। महिलाएं थायराइड की बीमारी की चपेट में ज्यादा आती हैं। थायराइड ग्रंथि के बढ़ने की वजह से यह समस्या होती है। यह ग्रंथि तितली के आकार की होती है, जो कि शरीर की कई जरूरी गतिविधियों को नियंत्रित करती है।

# साड़ी पहनकर पहुंचा आशिक, मुलाकात की बाद प्रेमिका को लगा दी आग



मथुरा के फरह में मंगलवर को साड़ी पहनकर आशिक अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा। मुलाकात के बाद प्रेमिका को आग के हवाले कर दिया। खुद जान बचाकर भागने लगा। भागने के दौरान छत से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। फरह के कौह गांव निवासी अपनी महिला शादीशुदा है। मंगलवार को युवक उससे मिलने पहुंचा। युवक का नाम उमेश निवासी हसनपुर, पलवल है। वह महिला की जेठानी का भाई है। युवक का पहले से ही घर पर आना जाना था। लेकिन मंगलवार को वह कुछ और मंसूबों से घर पर पहुंचा। साड़ी पहनकर महिला से मिलने आया था। मुलाकात के बाद महिला को आग लगा दी।

भागने के दौरान युवक छत से गिर पड़ा। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पुलिस व एंबुलेंस पहुंच गई। दोनो को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है।

# मिट्टी में मिला छैमार गैंग का सरगना, मौत के बाद घर का कोई नही आया मर्द, महिलाएं ही आईं

मथुरा। लूट, हत्या और डकैती जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले छैमार गैंग का सरगना असद उर्फ फाती सोमवार को मिट्टी में मिल गया। रविवार को मथुरा पुलिस ने एनकाउंटर में उसे ढेर कर दिया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पत्नी और बहन की मौजूदगी में औरंगाबाद स्थित कब्रिस्तान में शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस भी तैनात रही। रविवार को डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक लाख के इनामी डकैत असद उर्फ फाती (46) को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। मुठभेड़ में ढेर बदमाश के शव को पोस्टमार्टम गृह भेजकर पुलिस परिजन की जानकारी में जुट गई थी। पुलिस उसके पते हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर के गांव दोताई पहुंची, लेकिन यह पता गलत निकला। सोमवार की सुबह वीडियोग्राफी और दो डॉक्टरों के पैनल ने डकैत के शव का पोस्टमार्टम किया।

इसके बाद शव को रख दिया गया। दोपहर को शव की पहचान करने के लिए पोस्टमार्टम गृह पर दो महिलाएं अपने अधिवक्ता के साथ पहुंचीं। उन्होंने शव की पहचान की और वापस लौट गईं। जानकारी हुई तो थाना हाईवे प्रभारी आनंद कुमार शाही ने महिलाओं से पूछताछ की। एक महिला ने अपना नाम इमराना निवासी गांव शंकरपुर थाना रजबपुर जिला अमरोहा बताया। महिला ने डकैत असद को अपना पति बताया। उसके साथ असद की बहन खालिदा बेगम, पड़ोसी सलीमा बेगम और जासमीर भी आईं थीं। पुलिस से शव की सुपुर्दगी लेने के बाद महिलाएं सीधे औरंगाबाद स्थित कब्रिस्तान पहुंचीं। यहां पुलिस की मौजूदगी में शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान सदर थाना प्रभारी निरीक्षक विदेश कुमार त्यागी, सिविल लाइन चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार, सतोहा चौकी प्रभारी कपिल नागर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

छड़ीमार होली | गोकुल में छड़ीमार होली, अद्भुत दृश्य...

# भक्ति के रंग में रंगे श्रद्धालु झूम उठे

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। गोकुल में श्रीकृष्ण की क्रीड़ा स्थली गोकुल में यमुना किनारे होली चबूतरा पर छड़ीमार होली शुरू हो गई है। गोकुल में यमुना किनारे हो रहे इस भव्य आयोजन का हिस्सा विदेशी मेहमान भी बने। उन्होंने कहा ये दृश्य अलौकिक है। मथुरा को होली के बारे में उन्होंने जो सुना था, उससे कहीं अधिक ये अद्भुत है। श्रीकृष्ण की क्रीड़ा स्थली गोकुल में यमुना किनारे होली चबूतरा पर छड़ीमार होली शुरू हो गई है। गोकुल में यमुना किनारे स्थित नंद किले के नंद भवन में ठाकुर जी के समक्ष राजभोग रखा गया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण और बलराम होली खेलने के लिए मुरली घाट को निकले। बाल स्वरूप भगवान के डोला को लेकर सेवायत चल रहे थे। उनके आगे ढोल-नगाड़े और शहनाई की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। गोकुल में छड़ीमार होली एक बजे के बाद शुरू हो जाएगी। इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई है। पुलिस ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। गोकुल की छड़ीमार होली खेलने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं। इस उत्सव का आयोजन यहां सदियों से चला आ रहा है। प्राचीन परंपराओं का निर्वहन करते हुए आज भी हर साल यहां छड़ीमार होली का आयोजन किया है। छड़ीमार होली के दिन कान्हा की पालकी और पीछे सजी-धजी गोपियां हाथों में छड़ी लेकर चलती हैं। बचपन में कान्हा बड़े चंचल हुआ करते थे। गोपियों को परेशान करने में उन्हें बड़ा आनंद मिलता था, इसलिए गोकुल में कान्हा के बालस्वरूप को अधिक महत्व दिया जाता है। नटखट कान्हा की याद में हर साल यहां पर छड़ीमार होली का आयोजन किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि बालकृष्ण को लाठी से चोट न लग जाए, इसलिए यहां लाठी की जगह छड़ी से होली खेली जाती है।

# पत्रकार सुरक्षा फोरम बनाने की उठी मांग

## सीतापुर में पत्रकार की हत्या पर मांगा न्याय व मुआवजा › ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने सीएम के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को सौंपा, जिसमें सीतापुर के वरिष्ठ` पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की जघन्य हत्या पर रोष जताया गया। बताया कि देश का पूरा पत्रकार समाज इस घटना से आक्रोशित है। जनपद के पत्रकारों में भी इस हत्या को लेकर रोष व्याप्त है। हम सब पत्रकार मुख्यमंत्री से माँग करते हैं कि मृतक पत्रकार को शीघ्र पूरा न्याय दिलाया जाये। दोषियों को मृत्युदंड दिलाया जाये।

मृतक पत्रकार के परिवार को सुरक्षा सुनिश्चित की जाय। मृतक परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाये।



परिवार में आश्रित को राजकीय सेवा में लेकर आजीविका सुनिश्चित की जाए। पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय समिति गठित हो ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की भागीदारी हो तथा समिति की रिपोर्ट के आधार पर पत्रकार की सुरक्षा की जाए।

मृतक पत्रकार की पत्नी को आजीवन पेंशन दी जाए तथा अनाथ बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं शादी विवाह का खर्च सरकार द्वारा किया जाए।जनपदों में पत्रकारों की सुरक्षा के लिये प्रशासन के सहयोग से पत्रकार सुरक्षा फोरम बनाया जाये।

पत्रकारों ने बताया कि जनपद में भी पत्रकारों का उत्पीडन्त होना आम बात है

। इसके लिये जिला स्तर पर एक पत्रकार सुरक्षा फोरम बनाया जाये। जिलाधिकारी ने इस पर आश्वासन दिया कि जिला सूचनाधिकारी के साथ पत्रकारों की नियामत बैठक करायी जायेंगी। जिसमें पत्रकारों की सुरक्षा पर चर्चा के साथ स-ामस्याओं का समाधान हो सकेगा। ज्ञापन देते समय ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन मंडल अध्यक्ष झांसी ललितपुर अरविंद कुमार संज्ञा , बद्री पाठक अशोक कुमार सोनी रज्जन चौबे विशाल संज्ञा अनिल गिरी अमित राठौर लक्ष्मण सिंह बुंदेला बहादुर सिंह आशु चतुर्वेदी पंकज कुमार रायकवार आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 240 जोड़ों का हुआ विवाह

चित्रकूट ब्यूरोः समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में 240 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भगवान गणेश के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह में मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के सभी विकास खंडों के कुल 240 जोड़ों की शादियां हो रही है। उन्होंने उपस्थित सभी वर-वधुओं को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह के लिए इस योजना की शुरूआत की गई है। इसके अलावा भी भारत तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का आप लोग अधिक से अधिक लाभ लें।

भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि जब भाजपा की



सरकार नहीं थी तो गरीब कन्याओं के माता-पिता को उनके विवाह की चिंता होती थी, सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार करते हुए अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही भाजपा सरकार में आवास, खाद्यान्न वितरण, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाएं संचालित कर पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कराया गया है। बताया कि कार्यक्रम में हिंदू धर्म के अलावा बौद्ध धर्म रीत रिवाज के अंतर्गत 20 जोड़ा का विवाह संपन्न कराया गया। उन्होंने नवविवाहित सभी जोड़ों को बधाई देते हुए सुखमय जीवन की कामना की। बताया कि इस योजना के तहत पात्र कन्या के विवाह में 51 हजार रुपए की धनराशि खर्च की जाती है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र व सामग्री वितरित कर आशीर्वाद दिया। साथ ही सब रजिस्टार कर्वी राजेश सिंह तथा मऊ अमित श्रीवास्तव द्वारा वर-वधुओं का वैवाहिक पंजीकरण भी किया गया। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के उपाचार्यो द्वारा विधि विधान से विवाह संपन्न कराया गया। संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। इसके बाद जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने नवविवाहित जोड़ों, घराती एवं बराती के लिए की गई भोजन व्यवस्था का भ्रमण कर जायजा लिया।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, चेयरमैन कर्वी नरेन्द्र गुप्ता, चेयरमैन राजपुर संजीव मिश्रा, पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, भैरों प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, पहाड़ी सुशील द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख कर्वी प्रतिनिधि गुलाब सिंह पटेल, भाजपा महामंत्री आलोक पांडेय, रविप्रकाश त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी, सहित मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने अपराध एवं कानून-व्यवस्था को लेकर की जूम मीटिंग

## एसपी ने अपराध एवं कानून-व्यवस्था को लेकर की जूम मीटिंग

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर पुलिस अधीक्षक मो० मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि०-थाना-शाखा प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जूम मीटिंग की गयी तथा आगामी त्यौहार होली आदि के सम्बन्ध में तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान एसपी निर्देश दिए कि समस्त क्षेत्राधिकारीध्यानाध्चौकी प्रभारी अपने 2 क्षेत्र में पूर्व से निर्धारित होलिका दहन स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर ले तथा आयोजकों से वार्ता करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। गूगल मीट पर बैठक करते हुए सपा ने होलिका दहन कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटिया लगाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी ध्‍ थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया



कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सतत रूप से होटलढ़ाबाध रेस्टोरेंट आदि सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण शील रहकर चेकिंग करना सुनिश्चित करें। त्योहारों के सम्बन्ध में अपने अपने थाना क्षेत्रो में क्षेत्राधिकारीगण की मौजूदगी में पीस कमेटी की मीटिंग की जाये तथा आयोजकों से वार्ता कर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय से निस्तारण कराते हुये आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। होली पर्व के दृष्टिगत हॉटस्पॉट स्थानों को चिन्हित कर, भौतिक रूप से सत्यापन किया जाये तथा आवश्यक चिन्हित स्थानों पर पुलिस बल की ड्यूटिया लगाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। त्यौहार के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम, होली मिलन समारोहथ मेले लगने वाले स्थानो का भौतिक निरीक्षण किया जाये तथा आयोजको से वार्ता करने तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समस्त थाना प्रभारियोंध्यातायात प्रभारी को प्रतिदिन चौकिंग करने तथा वाहनों में क्षमता से ज्यादा सवारी बैठाने व बिना नम्बर प्लेट, बिना हेलमेटध्सीट बेल्ट का उपयोग न करने वालो वाहन चालको के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर, त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा में आगे बढ़ाने के लिए मुहैया कराएंगे सुविधाएं- कुलपति



चित्रकूट ब्यूरोः धर्मनगरी स्थित जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में मंगलवार को इंडियन आयल कॉर्पोरेशन की पहल पर रोटरी क्लब मद्रास पूर्वी द्वारा विश्वविद्यालय के 150 दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को स्मार्ट विजन ग्लासेस का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का आयोजन कर दिव्यांग विद्यार्थियों को स्मार्ट विजन ग्लासेस का वितरण किया गया है। इस दौरान उन्होंने कुलपति से कहा कि विश्वविद्यालय में जिन विद्यार्थियों को ग्लासेस की जरूरत है, उनका डाटा एकत्र करके सूची उपलब्ध कराए ताकि व्यवस्था कराई जा सके।

विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में सहायता के लिए यह उपकरण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही इंडियन ऑयल कार्पोरेशन और रोटरी क्लब द्वारा स्मार्ट क्लास की भी व्यवस्था कराई जा रही है। कहा कि मुख्यमंत्री का प्रयास है कि विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाकर दिव्यांग विद्यार्थियों को सुविधाएं मुहैया कराई जाए। महाप्रबंधक इंडियन ऑयल अतुल कपूर ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए यह आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बताया कि यह उपकरण बहुत ही आधुनिक है। इन उपकरणों के फीचर्स का इस्तेमाल करके आगे विद्यार्थी आगे बढ़कर शिक्षा ग्रहण करें। जिससे दिव्यांग विद्यार्थियों का भविष्य बदलेगा। बताया कि इस वितरण कार्य में रोटरी क्लब का भी सहयोग है। बताया कि विद्यार्थियों को लगभग 50 लाख मूल्य के स्मार्ट विजन ग्लासेस वितरित किया गया है। रोटरी क्लब मद्रास के बद्रीनारायण एन ने कहा कि यह एक परिवर्तनकारी पहल है। जिससे दिव्यांगों को लाभ मिलेगा। उपनिदेशक दिव्यांग जन सशक्तिकरण राजबहादुर ने कहा कि दृष्टिहीन छात्रों के लिए यह उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिससे वह शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ भविष्या माथुर ने किया।

इस मौके पर सीनियर मैनेजर एचआर बीएल पाल, अकाउंट ऑफिसर आइओसीएल संजीव राय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ अमित कुमार द्विवेदी, शिक्षा संकाय अधिष्ठाता डॉ निहार रंजन मिश्रा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ रवि प्रकाश शुक्ला, बी एल पाल, डॉ महेन्द्र कुमार उपाध्याय, डॉ विनोद कुमार, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ दुर्गेश मिश्रा, डॉ अजय पांडेय, डॉ पवन दुबे आदि मौजूद रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बी ए कर्मयोगी विषय पर हुई कार्यशाला

चित्रकूट ब्यूरोः महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बी ए कर्मयोगी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वानों ने अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि कर्मयोगी बनने के लिए हम सबको भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नाना जी देशमुख के आदर्शों के अनुसार चलना चाहिए। कहा कि हर वह व्यक्ति कर्मयोगी हैं, जो अपने जीवन के सारे कार्य स्वयं कर रहा है। हमे निःस्वार्थ भाव से सामाजिक कार्य करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम विकास आदि कार्यों को अपने जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए। उन्होंने कर्म के साथ योग को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का संयोजन कर रहे विज्ञान और पर्यावरण संकाय के अधिष्ठाता प्रो एस के चतुवेर्दी ने कार्यक्रम के उद्देश्य और औचित्य पर प्रकाश डाला। ग्रामीण विकास और व्यवसाय प्रबंध संकाय के अधिष्ठाता प्रो अमर जीत सिंह ने कहा कि व्यक्ति का अच्छा व्यवहार ही कर्मयोगी की दिशा सुनिश्चित करता है। उन्होंने श्रीराम और रावण के कर्मों का उल्लेख करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया। मानविकी, सामाजिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ नीलम चैरे ने कहा कि अपने दायित्व कर्म को ईमानदारी के साथ करना चाहिए। आध्यात्म हमारे जीवन को अनुशासित रखने के साथ नियमानुसार जीवन जीने की शिक्षा भी देता है। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नन्द लाल मिश्रा ने कर्मयोगी अधिगम चरणों की चर्चा करते हुए मनोवैज्ञानिक आवश्यकता, प्रेम एवं संबंध, सुरक्षा, आत्म सम्मान और आत्म बोध का उल्लेख किया।

इस मौके पर प्रोद्योगिकी संकाय अधिष्ठाता डॉ आंजनेय पाण्डेय, प्रो एचएस कुशवाहा, डॉ गिरधर माथनकर, विभाष चंद्र सहित विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

चित्रकूट ब्यूरोः जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने सम्बन्धितों को मार्च माह के अंत तक पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यों को शत-प्रतिशत पूरा कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के 110 ग्रामों में, रैपुरा पेयजल योजना के अंतर्गत 48 ग्रामों में तथा सिलौटा मुस्तकिल पेयजल योजना के अंतर्गत समस्त ग्रामों में मार्च माह के अंत तक शत-प्रतिशत नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण कराए। कहा कि इसमें सम्बन्धित जूनियर इंजीनियरों व टीपीआई इंजीनियरों को लक्ष्य निर्धारित कर कार्यस्थल पर भेजकर अवशेष कार्यों की सूची बनाकर कार्यदायी संस्थाओं को देते हुए मार्च तक कार्य पूर्ण कराए। कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ जिन ग्रामों में शत-प्रतिशत नियमित जलापूर्ति प्रारंभ हो गई है, उन ग्रामों में चैपाल लगाते हुए जनप्रतिनिधियों को ग्रामों का निरीक्षण कराए। जिससे जल जीवन मिशन की सकारात्मक छवि जनता के समक्ष बने। डीएम ने कहा कि प्रत्येक 15 दिवस के अंदर जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी एवं लक्ष्य पूर्ति के लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही कार्यदायी संस्था के स्टेट हेड के साथ भी माह में एक बार बैठक की जाएगी। जिससे कि लक्ष्य को प्रत्येक दशा में पूर्ण कराया जा सके।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम के भारती सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कंपोजिट विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

चित्रकूट ब्यूरोः कंपोजिट विद्यालय तौरा में धूमधाम से शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने रामायण दर्शन, शिक्षा जागरुकता पर नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रभारी बेसिक शिक्षाधिकारी शशांक शेखर शुक्ला ने अभिभावकों को प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बच्चों के विद्यालय आने पर वह जरूर कुछ बेहतर सीख कर घर जाएंगे। कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी के साथ ही अभिभावक का भी दायित्व होता है कि अपने बच्चों पर ध्यान दे। प्रधान शिक्षक बिहारीलाल ने बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने हुए अच्छा भविष्य बनाने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आस्था गुप्ता ने किया। इस दौरान हुए कार्यक्रमों में बच्चों ने सरस्वती वंदना, रामायण दर्शन सहित शिक्षा जागरूकता सम्बन्धी लघु नाटक प्रस्तुत किए। इसके बाद बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार वितरण किया गया।


## करीब एक दर्जन महिलाओं ने गांव में संचालित कलारी बंद करवाने को लेकर दिया धरना, की नारेवाजी

# बोलीं महिलाएः साहब बंद करा दो कलारी, गांव के कई परिवार उजाड़ने की कगार पर

## डीएम को ज्ञापन देकर जल्द दर जल्द गाँव की कलारी बंद कराये जाने की उठाई मांग

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर साहब गांव में संचालित होने वाली कलारी पर बिकने वाली शराब के कारण गांव के कई परिवार उजाडते की कगार पर हैं, इसलिए गांव की कलारी बंद करवाकर कहीं और स्थानांतरित भी करवा दीजिए। यह गुहार थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लगोन की महिलाओं ने जनपद के मुखिया जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर लगाई। इस दौरान महिलाओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए कलारी बंद करवाने के लिए नारेबाजी की और परिसर में ही धरने पर बैठ गई। महिलाओं का आरोप है कि गांव में शराब की कलारी संचालित होने से उनके परिवार के लोग शराब पीने के आदी हो गए हैं और घर की महिलाओं के साथ मारपीट भी करते हैं। इतना ही नहीं शराबियों के आतंक से गांव की महिलाएं भी काफी परेशान हैं। आजकल जनपद के शहरी और ग्रामीण इलाकों में रहने वाली महिलाएं अब शराब के प्रति जागरूक होने लगी हैं, और लगातार गांव गांव में संचालित होने वाली शराब की दुकानों को बंद करने के लिए हल्ला बोल कर रही है। जिसका जीता जाता नमूना उस समय देखने को मिला, जब जखौरा के ग्राम लागौन की करीब दो दर्जन महिलाएं सोमबार को अपने गांव में संचालित कलारी को बंद करवाने के लिए शहर की



सडकों पर प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने क्लैक्ट्रेट परिसर में करीब 2 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया और कलारी बंद करवाने के लिए नारेबाजी भी की। इस दौरान उन्होंने अपने गांव में संचालित कलारी की दुकान के साथ-साथ गली-कूचों में बिक रही शराब को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग उठाई। गांव की महिलाओं ने जिलाधिकारी को संबोधित कर सक्षम अधिकारी को ज्ञापन भी दिया। जिलाधिकारी के नाम दिए गए ज्ञापन में गांव की किरन सावित्री क्रांति रैना सहित तमाम महिलाओं ने अवगत कराया कि उनके गांव में कलारी की दुकान खुली हुई है, जिस पर सुबह से लेकर देर रात तक शराब की बिक्री की जाती है। कलारी पर बिकने वाली शराब के साथ-साथ गली-कूचों की दुकानों पर बिकने वाली शराब ने उनके परिवार की सुख शांति को छीन लिया है। आलम यह है कि उनके परिवार के मुखिया के साथ-साथ अन्य सदस्य सुबह से ही शराब पीकर आ जाते हैं और घर में उथल-पुथल की स्थिति पैदा कर देते हैं। उनके घर के लोग काम नहीं करते, जबकि घर में रहने

वाली सभी महिलाएं खेती किसानी के काम के साथ-साथ मेहनत मजदूरी का काम कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण चलती हैं। शराब ने उनके परिवारों की सुख शांति को इस कदर भंग कर दिया है, कि ना वह जी पा रही हैं और नाम मर पा रही हैं। घर परिवार का आलम यह है कि घर में परिवार के सदस्य भूखे-प्यासे बैठे रहे, लेकिन उनके लोगों को शराब पीने के लिए पैसा चाहिए। यदि वे मेहनत मजदूरी कर पैसा नहीं देती, तो वह उनके साथ बेतहाशा मारपीट कर जानवरों जैसा बर्ताव करते हैं। उनके परिवार के लोगों ने उनके घर गृहस्ती के समान के साथ-साथ उनके गहने जेवर आदि को भी शराब के लिए बेच दिया है। महिलाओं ने यह भी आवाहन किया कि यदि शासन प्रशासन उनके गांव में संचालित शराब की दुकान को बंद नहीं करवाता, तो वह स्वयं सड़कों पर उतरकर शराब की दुकान बंद करवाने के लिए मजबूर होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# आपसी सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनाएं त्योहार - जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न

ब्यरो -एनपीटी

बून्दी, 11 मार्च। जिले में आगामी दिवसों में आयोजित होने वाले धार्मिक पर्व, उत्सव, त्योहार, जुलूस, शोभायात्रा आदि के मद्देनजर सद्भावना एवं सामाजिक सौहार्द के संदर्भ में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।



बैठक में जिला कलेक्टर ने शांति समिति के सदस्यों एवं विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजकों से अनुरोध किया कि बूंदी की सौहार्द्र की परंपरा को कायम रखते हुए सभी पर्व, उत्सव हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाएं जाएं। उन्होंने समिति के सदस्यों का आह्वान किया कि वे आयोजनों पर पूर्ण निगरानी रखें और निष्पक्ष रहें। रैली, जुलूस के संबंध में संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं थानाधिकारी को सूचना आवश्यक रूप से दी जाए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए जा सके।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारियों को अवगत कराएं। रैली और जुलूस निर्धारित रूट के अनुसार ही निकाले जाए। उन्होंने कहा कि त्योहार के मद्देनजर प्रशासन सजग है। साफ सफाई की व्यवस्था, सड़क निर्माण सहित जो भी समस?याएं है प्रयास रहेगा कि उनका समाधान करवाया जाएगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीना ने आयोजकों से अपील की कि वे आयोजनों की बेहतर और शांतिपूर्ण व्यवस्थाओं की खुद जिम्मेदारी लें। कहीं कुछ गलत होता है तो पुलिस को बताएं, अराजकता फैलाने वाले तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। सोशल मीडिया पर साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाडने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि समिति सदस्य पुलिस का पूरा सहयोग करें और भव्य व सौहार्दपूर्ण आयोजन कर बूंदी की अमन और शांति की परम्परा को कायम रखें। उन्होंने बताया कि आयोजनों के दौरान पुलिस की ओर से सुरक्षा के माकूल बंदोबस्त किए जाएंगे। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस तैनात रहेगी। अफवाहों से सावधान रहें। किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना होने पर उसकी जानकारी को तुरंत साझा किया जाए।

बैठक में सदस्यों ने साफ सफाई, सड़क मरम्मत, रास्तों पर अतिक्रमण संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों की ओर से अवगत कराई गई समस्याओं के समाधान के लिए जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने विश्वास दिलाया कि सभी आयोजन शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए सम्पन्न कराएं जाएंगे। सभी समुदाय आयोजनों का शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित कर बूंदी की कौमी एकता की परम्परा को और मजबूत करेंगे।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, उपखंड अधिकारी एचडी सिंह, जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने जैतसागर नाले के निर्माण कार्य की प्रगति का किया निरीक्षण

ब्यरो -एनपीटी



बूंदी, 11 मार्च। जैतसागर नाले के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के सबंध में मंगलवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने आरयूआईडीपी एवं नगर परिषद के अधिकारियों के साथ जैतसागर नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर अतिक्रमण नहीं है ऐसे स्थानों पर नई टीमें लगाकर निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश कि मानसून से पहले इसको पूर्ण करने का प्रयास किया जाए।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों की संख्या बढाकर निर्माण कार्य की गति को बढ़ाया जाए। उन्होंने मीरा गेट क्षेत्र में नाले का जायजा लिया। इस दौरान उन?होंने नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड़ को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आरयूआईडीपी के अधिकारी मौजूद रहे।

# एक रक्तदान पिता के नाम अभियान के तहत राहुल कहार ने छठी बार व दीपक ने दूसरी बार किया

ब्यरो -एनपीटी

बूंदी, मानव सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे एक रक्तदान पिता के नाम अभियान के तहत दीपक कहार ने दूसरी बार कोटा से बूंदी आकर किया स्वैच्छिक रक्तदान ओर राहुल कहार ने 6वि बार किया स्वैच्छिक रक्तदान मानव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश खोईवाल ने बताया की स्वैच्छिक रक्तदान की जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समिति द्वारा चलाए जा रहे, एक रक्तदान पिता के नाम अभियान के तहत रक्तवीर दीपक कहार ने 35 किलो मीटर दूर कोटा से बूंदी बल्ड बैंक आकर दूसरी बार स्वैच्छिक रक्तदान किया तो वहीं राहुल कहार ने छठी बार स्वैच्छिक रक्तदान किया है सभी युवा अपने पिता को गौरवान्वित करने के लिए एक रक्तदान पिता के नाम अभियान से जुड़कर रक्तदान जरूर करे।



रक्तदान कर राहुल कहार ने कहा की वर्तमान में गर्मी की वजह से बूंदी ब्लड बैंक में रक्त भारी कमी देखने को मिल रही है। आज हम दोनों जीजा साला ने राजेश खोईवाल को सूचना कर स्वैच्छिक रक्तदान किया है और हमे खुशी हे की हमारे रक्तदान करने से किसी अनजान मरीज को जीवनदान मिलेगा, और युवाओं से निवेदन करता हु की वर्तमान में मरीजों को बल्ड की कमी के चलते रक्त नहीं मिल पा रहा है इसलिए बूंदी बल्ड बैंक पहुंचकर एक रक्तदान पिता के नाम अभियान के तहत स्वैच्छिक रक्तदान जरूर करे जिससे की जरूरत मंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाकर मरीजो का जीवन बचाया जा सके। इस दौरान रवि कुमार सूरज राठौर, सोनू डगोरिया, एडवोकेट रमेश चंद्र आजाद,एडवोकेट मुकेश वर्मा, बल्ड बैंक प्रभारी नारायण सिंह हाडा, लक्ष्मी गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी को पकड़ा, अब तक 18 लोग दस्तयाब

अजमेर। अजमेर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है। अब तक ऐसे कई लोग पकड़े जा चुके हैं।



राजस्थान पुलिस मुख्यालय, जयपुर के निदेर्शानुसार अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और निष्कासन के लिए अजमेर जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अजमेर जिला पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने आठवीं बड़ी कार्रवाई करते हुए एक और अवैध बांग्लादेशी नागरिक को दस्तयाब किया है। अब तक कुल 18 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा जा चुका है।

दरगाह थानाधिकारी दिनेश कुमार जीवनानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देशन में अजमेर शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों की पहचान और निष्कासन के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। इस कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जागिंड के निर्देशन में तथा वृत्ताधिकारी लक्ष्मण राम आरपीएस के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। इस अभियान के तहत पुलिस थाना दरगाह क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने के लिए जिला पुलिस और सीआईडी जोन की विशेष टीमों ने सघन तलाशी अभियान चलाया। दरगाह थानाधिकारी दिनेश कुमार जीवनानी ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली कि दरगाह क्षेत्र और आसपास के इलाकों में कई संदिग्ध व्यक्ति रह रहे हैं। इसके आधार पर जालियान कब्रिस्तान, अन्दकोट, नई सड़क, तारागढ़ की पहाड़ियों, बड़े पीर का चिल्ला और अन्य संभावित क्षेत्रों में छानबीन की गई।

10 साल से रह रहा था अवैध बांग्लादेशी नागरिक- दरगाह थानाधिकारी दिनेश कुमार जीवनानी ने बताया कि पुलिस ने अभियान के दौरान 15-20 संदिग्ध खानाबदोश व्यक्तियों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की। इस दौरान, मोहम्मद सुरोज उर्फ रिप्पोन (पुत्र मोहम्मद हबीब) निवासी मीरपुर, थाना मीरपुर-2, ढाका, बांग्लादेश को अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में पकड़ा गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह लगभग 10 वर्ष पूर्व चोरी-छिपे बेनापोल बॉर्डर पार कर भारत में प्रवेश कर गया था। इसके बाद, वह विभिन्न स्थानों पर रहने के बाद दरगाह क्षेत्र में खानाबदोश के रूप में रहने लगा।

पुलिस द्वारा गहन पूछताछ जारी-दरगाह थानाधिकारी दिनेश कुमार जीवनानी ने बताया कि पकड़े गए बांग्लादेशी मोहम्मद सुरोज से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वह किसी संगठित अवैध नेटवर्क का हिस्सा है। इसके अलावा, अन्य अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की भी पहचान करने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

अजमेर जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। यह अभियान पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार चलाया जा रहा है, ताकि राजस्थान में अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें निष्कासित किया जा सके।

## लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया प्रशासिका दादी गुलजार का चौथा स्मृति दिवस, ये लोग रहे मौजूद

सिरोही। सिरोही में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका तथा संस्थान के स्थापना के समय जुड़ी दिव्य दृष्टि प्राप्त राजयोगिनी दादी गुलजार का चौथा स्मृति दिवस मंगलवार को लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका तथा संस्थान के स्थापना के समय जुड़ी दिव्य दृष्टि प्राप्त राजयोगिनी दादी गुलजार का चौथा स्मृति दिवस मंगलवार को लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन में उनके समाधि स्थल अव्यक्त लोक पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान की प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी, राजयोगिनी बीके जयंती, संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी, बीके शशि, अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा समेत वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी तथा बीके जयंती ने कहा कि दादी ने परमात्मा शिव का आधार बनकर लाखों आत्माओं को परमात्मा से मिलन कराया। नारी शक्ति का मिसाल कायम कर एक नयी इबारत लिखी। दादी को व्यर्थ और निगेटिव का कोई ज्ञान ही नहीं था। वे दिव्य और महान विभूति थी। उनके जीवन से लाखों लोगों का जीवन बदला है। संस्थान के अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा ने कहा कि दादी की दृष्टि में इतना पावर था कि उनकी नजर जिस पर पड़ती वे उन्हें आत्मज्ञान की अनुभूति होने लगती थी। जो भी उनके सम्पर्क में आता था, वह हमेशा उनका ही होकर रह जाता था। इस दौरान अतिरिक्त महासचिव डॉ. प्रताप मिडढा, ओआरसी की निदेशिका बीके आशा, शक्तिनगर सेवा केन्द्र प्रभारी बीके चक्रधारी, हरीनगर क्षेत्र की प्रभारी बीके शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

आयोजन के मद्देनजर ब्रह्माकुमारी संस्थान के शांतिवन परिसर में सवेरे से ही कार्यक्रम स्थल पर अनुयायियों के पहुंचने का दौर शुरू हो गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने देर तक कतारबद्ध होकर दादी गुलजार को पुष्पांजलि अर्पित की।

# भारतीय जनसेवा संस्थान के दिव्यांग होली मिलन समारोह में दिव्यांग बच्चों ने होली के गीतों पर बाधा समां

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल /अलवरः भारतीय जन सेवा संस्थान द्वारा अलवर के रणजीत नगर में संचालित महावीर विशेष विद्यालय में आज सुबह 11 बजे होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस समारोह में विशेष योग्यजन (दिव्यांग) बच्चों ने होली पर राधा कृष्ण जी के भजनों पर होली के गीत गाकर समां बांध दिया। बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी सभी ने उनका उत्साह वर्धन किया । अतिथियों ने बच्चों के साथ फूलों के साथ होली खेली। इसके बाद के साथ सभी ने एक दूसरे को गुलाल अबीर तिलक लगाकर होली खेली।कार्यक्रम में आए अतिथियों ने दिव्यांग बच्चों के लिए संस्था को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिलाया। अतिथियों द्वारा आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया।



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पालीवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन ढाककपुरी वाले थे। जबकि अध्यक्षता पोपटलाल जैन समाजसेवी जोधपुर ने की ।विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश कालरा,मनीष पोपली, राजेंद्र लोढ़ा जैन एग्रीगेशन, हितेश शर्मा, प्रोफेसर हरिशंकर , पार्षद सतीश यादव , शीला जांगिड़ पार्षद, हेतराम यादव पार्षद, आशा कालरा, प्रमिला, नीता अग्रवाल, नीरू सैनी, विनीता, गंगा गुप्ता थी। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र जैन रामगढ़ ने किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजिका रजनी जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

शपथ ■ सवाई माधोपुर जिले के श्यामपुरा गांव के क्षेत्र पाल बाबा के स्थान पर मीणा समाज के

# पंच पटेलों ने समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियो को मिटाने को लेकर ली शपथ

ब्यरो -एनपीटी

बूंदी! सवाई माधोपुर जिले के श्यामपुरा गांव के क्षेत्र पाल बाबा के स्थान पर 84 गांवों की मीणा समाज की महापंचायत संपन्न हुई इस मौके पर कई जिलों के मीणा समाज के पंच पटेलों ने भाग लिया और महत्वपूर्ण फैसले लेते हुए समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियो को मिटाने को लेकर सामूहिक शपथ ली।

महापंचायत के दौरान पंच पटेलों द्वारा निर्णय लिया गया कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध हो, टीका प्रथा बंद, सगाई में 11लोग जाएंगे, प्रत्येक गांव में शराब बंद हो ओर शराब की दुकानों को बंद किया जाए, जामना ,जडूला में दो व्यक्ति जाएंगे,सामूहिक विवाह सम्मेलन को बढ़ावा देना हेतु समाज की संस्थाओं को जिम्मेदारी दी गई। सगाई और गोद भराई बिल्कुल बंद मृत्यु भोज बंद हो सहित कई निर्णय लिए गए।

मीणा समाज के अध्यक्ष डॉ चंद्र प्रकाश ने बताया की अध्यक्षता जगराम पटेल एवं उपाध्यक्ष रामस्वरूप पटेल श्यामपुरा ने की। चौरासी के प्रवक्ता दीनदयाल मीणा ने समाज में अंतजार्तीय विवाह करने एवं जाजम पर शराब का सेवन करने वालों को समाज से बहिष्कृत के करने की मांग की।



सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व अपर महानिदेशक रक्षा मंत्रालय धर्मपाल सिंह मीणा बरसिंहपुरा, खंडेला, सीकर ने कुरीतियों पर प्रहार करते हुए कहा कि पाखंडवाद , दहेज पृथा एवं नुक्ता प्रस्ताव को जड़ से खत्म करना होगा। उन्होंने बताया कि 8-10 साल से गांव - गांव मैं युवा पीढ़ी नशे की तरफ बढ़ रही है हिरोइन, स्मैक आदि नशीली पदार्थ का सेवन करके हमारे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इन मादक पदार्थो के पीछ बहुत बडा षडयंत्र3 रचा जा रहा है। यदि हमने समय रहते हुए हमारे समाज के युवराजो को जागरुक नही किया तो वो दिन दूर नही, हमारी स्थिति 1947 से पहली जैसी हो जायेगी । डीपीएस ने शिक्षा पर जोर देते हुऐ बताया की शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पीयेगा वही दहाड़ेगा । नारी सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा की बेटा- बेटी को सम्मान दर्जा देना होगा तभी हमारा लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। रेल्वे मे कार्यरत वरिष्ट अधिकारी लोकेंद्र मीना ने कहा की जाजम जो भी निर्णय लेगी वह शिरोधार्य होगा । डॉ. बाबूलाल समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने बताया की मृत्यु भोज मे कोई भी नही जाये तो स्वतः बंद हो जायेगा । बंशीलाल मीना ने बताया की जिस गांव के लोग-बाग जाजम के नियमो का उल्लंघन करेंगे उनको आगे होनी वाली महापंचायत मे दंडित किया जाए।

इस मौके पर शंकर लाल मीणा, आई आर एस, कमलेश पटेल डूंगरी, घमण्डी लाल सरपंच अलवाड़ा, कस्तूर पटेल खाट, गिरधारीलाल मच संचालक, मुकेश मीना, रामकिशन भूरी पहाडी, मोटा पटेल, घमंडी, जगदीश डीलर बसों, सी?ल मीना, रामस्वरूप, रामप्रसाद , रावल, हरिराम पटेल चकेरी, गंगा सहाय सरपंच डूगंरी, रामलाल पटेल ,प्रह्लाद पूर्व सरपंच ओलवाड़ा आदि उपस्थित हुए।

# मंदिर की दुकानों को लेकर साधु व व्यापारी फिर आमने-सामने

## गुस्साए अन्य व्यापारियों ने जमकर काटा हंगामा, मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन ने शांत कराया मामला, कई दिन से चल रहा विवाद

**■ कोर्ट का स्टे आर्डर लाकर व्यापारी ने खोली थी दुकान, अधिकारियों ने दिए यथास्थिति बनाने के निर्देश**






**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** शहर के गांधी चौंक स्थित कुटी वाला मंदिर की दुकानों को लेकर एक बार विवाद सामने आया। मंगलवार को एक व्यापारी द्वारा कोर्ट का स्टे आर्डर लेकर दुकान खोलने की सूचना पर मौके पर पहुंचे साधुओं व व्यापारी के बीच जमकर विवाद हो गया, गुस्साए अन्य व्यापारियों ने मौके पर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा मामला शांत कराया। बाद में दोनों पक्षों को अगले आदेश तक यथास्थिति बनाए रखने की कडी हिदायत दी गयी।

जनकारी के अनुसार शहर के गांधी चौंक स्थित कुटी मंदिर की दुकानों को पिछले दिनों कुछ साधुओं ने जबरन बंद कराकर ताला लगा दिया जिससे मौके पर जमकर हंगामा हुआ था। मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने उस समय तो किसी तरह मामला शांत करा दिया था। एक व्यापारी ने कोर्ट का स्टे आर्डर लेकर मंगलवार को अपनी दुकान खोल ली जैसे ही इस बात की सूचना साधुओं को मिली तो वे अपने लोगों के साथ मौके पहुंच गए तथा व्यापारी की दुकान में जबरन घुसने का प्रयास किया जिससे मौके पर हंगामा खडा हो गया और बाजार के अन्य व्यापारी भी मौके पहुंच गए तथा हंगामा शुरू कर दिया। व्यापारियों और साधुओं के बीच जमकर तीखी नोंकझोंक भी हुई। बाजार में हंगामा होने की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा किसी तरह मामले को संभाला। बाद में दोनों पक्षों को सीओ कार्यालय में बुलाया गया जहां पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व व्यापारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि कोर्ट के स्टे आर्डर के प्रभावी रहने व कोई दूसरा आदेश आने तक मौके पर यथास्थिति बनाई रखी जाए जिसके बाद दोनों पक्ष वापस लौट गए। वहीं मौके पर काफी समय तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

# आधा दर्जन ट्यूबवैलों में सेंध लगाकर चोरी

## अज्ञात चोरों ने बधेव व नया गांव में की वारदात, चोरी की घटना से किसानों में आक्रोश





**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव बधेव व नया गांव में अज्ञात चोरों ने करीब आधा दर्जन किसानों की ट्यूबवैलों पर धावा बोलकर हजारों का कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरी की वारदात से किसानों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही आदर्श मंडी पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा मामले की जानकारी ली। घटना के संबंध में पीडित किसानों ने पुलिस को तहरीर दी है। जनपद में अज्ञात चोरों द्वारा किसानों की ट्यूबवैलों को निशाना बनाने की घटनाएं जारी है। पिछले करीब एक पखवाडे के अंदर शामली, कांधला, झिंझाना, चौसाना आदि में चोरों द्वारा किसानों की ट्यूबवैलों पर धावा बोलकर हजारों रुपये का सामान चोरी किया जा चुका है लेकिन पुलिस अभी तक चोरों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं कर पायी है जिससे चोरों के हौसले भी बुलंद हो रहे हैं। ऐसी ही एक घटना आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव बधेव में हुई जहां अज्ञात चोरों ने करीब आधा दर्जन किसानों की ट्यूबवैलों पर धावा बोलकर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। अज्ञात चोरों ने गांव निवासी सुनील शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सुलेमान, अंकित शर्मा, सुशील शर्मा की ट्यूबवैलों में सेंध लगाकर केबिल, स्आर्टर व कटआउट चोरी कर लिया वहीं नया गांव निवासी खेमा की ट्यूबवैल में भी चोरी की वारदात कर हजारों का सामान चोरी कर लिया। सुबह के समय जब किसान अपनी ट्यूबवैल पर पहुंचे तो वहां से सामान गायब देखकर उनके होश उड गए। किसानों की सूचना पर आदर्श मंडी पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। किसानों ने आरोप लगाया कि चोर आए दिन ट्यूबवैलों को निशाना बना रहे हैं लेकिन पुलिस अभी तक चोरों के खिलाफ कडी कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस ने किसानों को शांत करते हुए चोरी के मामलों का जल्द खुलासे का आश्वासन दिया।

# पोस्टर विवाद मे 13 लोगो के खिलाफ गंम्भीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज

**एनपीटी संवाददाता**

**कांधला।** सालाना जलसे के दौरान गांव में ग्राम प्रधान पति के स्वागत पोस्टर लगाने को लेकर हुए संघर्ष में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। लगभग डेढ़ माह पहले क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में हर वर्ष की भांति सालाना जलसे का आयोजन किया गया था। जलसे से एक दिन पूर्व गांव गढ़ी दौलत निवासी मुनीर, व वसीम पक्ष मे विवाद हो गया था जिसमे मुनीर पक्ष की ओर से वसीम पक्ष के 19 लोगो के खिलाफ थाने पर घर मे घुसकर हमला करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था वसीम पक्ष भी लगातार अपनी ओर से मुकदमा दर्ज करने की उच्चधिकारियो से गुहार लगा रहा था इसी कर्म मे वसीम से पक्ष इरशाद पुत्र इसलाम ने न्यायलय की शरण ली थी न्यायलय के आदेश कांधला पुलिस ने मुनीर पक्ष के 13 लोगो के खिलाफ गंम्भीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है मुनीर, अजीम,तनवीर,समीर,आमिल, यासीन,मसव्वर,जाबिर, आकिल, शोएब और जनपद सहारनपुर निवासी असलम,साजिद गांव चन्दपुरा निवासी ,तनवीर गांव की गलियों में प्रधान पति राशिद के स्वागत पोस्टर लगा रहे थे। गांव गढ़ी दौलत निवासी इरशाद ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उक्त लोगों ने उसके मकान पर भी पोस्टर लगा दिया,जिसका पीड़ित ने विरोध किया। आरोप है कि थोड़ी देर बाद उक्त लोग हाथों में लाठी, डंडे और धारदार हथियार लेकर पीड़ित के मकान में घुस गए। पीड़ित ने अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद स्थानीय थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि थाना स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली और न्यायालय के आदेश पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं ने किया कार्यों का बहिष्कार

## कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, अधिवक्ता पर मुकदमा दर्ज होने से आक्रोशित हैं अधिवक्ता




**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** अधिवक्ता वीरेन्द्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने व अधिवक्ता पक्ष की रिपोर्ट दर्ज न करने के विरोध में जिला बार एसोसियेशन के अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का भी बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार से वादकारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को दूसरे दिन कलेक्ट्रेट में अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार जारी रहा। जिला बार एसोसियेशन के अध्यक्ष राजपाल एडवोकेट ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेन्द्र सिंह ढिंढाली के खिलाफ झूठी शिकायत कर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है जबकि अधिवक्ता पक्ष की रिपोर्ट कोतवाली पुलिस दर्ज नहीं कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक अधिवक्ता पक्ष द्वारा दी गयी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं होती तथा अधिवक्ता का नाम झूठे केस से नहीं हटाया जाता, तब तक अधिवक्ता हडताल करते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। मंगलवार को भी अधिवक्ताओं ने कोई कार्य नहीं किया। दूसरी ओर तहसील बार एसोसियेशन ऊन के अध्यक्ष सचिन मलिक ने बताया कि शामली के अधिवक्ता विरेन्द्र सिंह पर दर्ज किए गए मुकदमें के विरोध में ऊन के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने शामली के अधिवक्ताओं को अपना समर्थन दिया। इसके अलावा बार एसोसियेशन बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर के अधिवक्ताओं ने भी शामली के अधिवक्ताओं को अपना समर्थन दिया है। वहीं अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन व न्यायिक कार्य न करने से वादकारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

# बेटी को बदनियती से दबोचने का आरोप लगाया

**एनपीटी संवाददाता, कांधला।** कस्बे के मौहल्ला इदरीशबेग बिहार निवासी एक महिला ने कस्बा निवासी कई युवकों को उसकी बेटी को बदनीयती से दबोचने का प्रयास करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने स्थानीय थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के मौहल्ला इदरीशबेग बिहार कालोनी निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की वह खेत पर कार्य करने के लिए गई हुई थी और घरबार उसकी नवाबलिग बेटी अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच कस्बा निवासी कई युवक जबरन घर में घुस आए और पीड़िता की बेटी को बदनीयती से दबोचने का प्रयास किया। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त युवकों ने पीड़िता की बेटी के साथ मारपीट की। पीड़िता ने आरोपी युवकों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षेप समाचार :

### बेटी की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दी तहरीर

कांधला। मेरठ के नौचंदी थानांतर्गत करीमनगर निवासी निजामुद्दीन क्षेत्र के गांव असारा रोड एलम स्थित ईट भट्ठे पर चौकीदार का कार्य करता था। निजामुद्दीन ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपनी दस वर्षीय बेटी के साथ सड़क किनारे खड़ा हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान तेज गति और लापरवाही करते हुए ट्रैक्टर चालक ने पीड़ित की बेटी को ट्रैक्टर की टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से पीड़ित चौकीदार की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई थी और ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया था। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था,जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मंगलवार को पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वाशन दिया है।

### पेपर देने आई छात्रा भूरा रोड पर बेहोश पड़ी मिली

कैराना। हाई स्कूल की परीक्षा देने आई छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में भूरा रोड पर बेहोश पड़ी मिली। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने छात्रा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्रा को सीएचसी पर भर्ती कराया,जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। मंगलवार को क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी हाई स्कूल की एक छात्रा घर से कस्बे के आर्य कन्या इण्टर कॉलेज में हाई स्कूल की परीक्षा देने के लिए आई थी। परीक्षा देने के बाद छात्रा कॉलेज से घर जाने के लिए निकली थी। थोड़ी देर बाद ही छात्रा भूरा-झिंझाना मार्ग पर संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोश पड़ी मिली। जिसके बाद पीड़ित की माता व चाचा मौके पर पहुंचे और छात्रा को उठाकर कस्बे के एक निजी अस्पतला में भर्ती कराया। बाद में घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम खुरगान रोड पर स्थित हॉस्पिटल पहुँची और छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने छात्रा को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# जुम्मे की नमाज 2 बजे के बाद अदा करें - मुफ्ती आजम झिंझाना



झिंझाना। शामली में जिला प्रशासन द्वारा जिले के धर्म गुरुओं को बुलाकर मीटिंग किए जाने के बाद आज झिंझाना के मुफ्ती आजम ने भी कस्बे क्षेत्र वासियों से जुम्मे की नमाज 2 बजे के बाद अदा करने की अपील की। कस्बे के मदरसा नूरिया के मोहतमिम मोहम्मद आजम कासमी ने एक वीडियो जारी कर लोगों से अपील की की होली व रमजान का जुम्मा एक साथ आने से हम लोगों को प्यार मोहब्बत से दोनों काम करने हैं जुम्मा की नमाज भी पढ़नी है और रंगों का त्यौहार भी मनाना है इसलिए उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 2 बजे तक होली खेलने के बाद 2 बजे के बाद जुम्मे की नमाज अदा करें अपनी-अपनी मस्जिदों में सभी हाफिज टाइम का ध्यान रखते हुए टाइम को आगे पीछे कर जुम्मे की नमाज 2 बजे के बाद ही अदा कराए। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार युसूफ कुरैशी यूनुस कुरैशी कारी इरशाद हाफिज वकील हाजी रईस आदि लोगों ने भी क्षेत्र व कस्बे के लोगों से सभी त्यौहार मिल जुलकर मनाने की अपील की।

# सीएचसी पर तैनात आशा से थैला और मोबाइल छीना



कांधला। नगर के मौहल्ला सरावज्ञान निवासी सविता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आशा के पद पर कार्यरत है। मंगलवार को महिला स्वास्थ्य केंद्र से अपने घर जा रही थी। महिला के मुताबिक जब महिला जैन स्थानक छत्ते वाली गली से अपने घर जा रही थी। उसी समय नकाबपोश बदमाश महिला की पीछा करते हुए गली में पहुच गया और मौका पाकर आरोपी व्यक्ति महिला थैला छीन कर मौके से फरार हो गया। महिला ने मदद के लिए शोर शराबा किया तो आसपास के लोग आरोपी व्यक्ति की ओर दौड़ पड़े, लेकिन आरोपी बदमाश मोहल्ले के लोगों को चकमा देकर भागने में सफल रहा। पूरी घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई। घटना के संबंध में मोहल्ले के लोगों के साथ पीड़िता ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

# एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के लिए बीएलओ को दिए गए दिशा निर्देश



**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसडीएम ने तहसील के सभागार कक्ष में आयोजित मीटिंग में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व बीएलओ के साथ मीटिंग की और निर्देश दिए मंगलवार को एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव ने तहसील के सभागार कक्ष में राज्य निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सभी राजनीतिक दलों व बीएलओ के संग बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के निर्देश दिए। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए हुई इस बैठक में बीएलओ को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। इस दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, हटाने तथा शुद्ध किये जाने की प्रक्रिया संबंधित जानकारी देते हुए नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया में विशेष सतर्कता बरतने तथा मतदाता द्वारा उचित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने के उपरांत ही मतदाता के नाम या जन्म तिथि में सुधार करने की प्रक्रिया पूर्ण करें। वहीं मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने से पूर्व आवेदक का सत्यापन निश्चित करने मतदाताओं का गृहवार भौतिक सत्यापन करते हुए अहर्ता प्राप्त युवाओं व महिलाओं को मतदाता सूची में शामिल किये जाने व विशेष दिवस के अवसर पर बीएलओ अपने बूथ पर मौजूद रहकर प्रपत्र प्राप्त कर बीएलओ एप्प के माध्यम से मतदाता सूची में दर्ज करें। इस दौरान तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान व राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्रकार संघ झिंझाना ने शोक सभा व होली मिलन कार्यक्रम किया आयोजित



**एनपीटी संवाददाता**

**झिंझाना।** एसडीएस स्कूल में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद सभी सदस्यों ने पहले एक शोक सभा का आयोजन कर मृतक पत्रकार तथा कैराना पत्रकार संगठन के अध्यक्ष की माता के देहांत पर दो मिनट का मौन रखा। पत्रकार संघ झिंझाना के अध्यक्ष हरेन्द्र मलिक ने हमारे पत्रकार साथी की हत्या करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मीटिंग के बाद सभी पत्रकार साथियों ने एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेलकर बधाई दी।

मेरठ करनाल हाईवे स्थित एसडीएस स्कूल में झिंझाना पत्रकार संघ द्वारा एसडीएस स्कूल में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद सभी सदस्यों ने पहले एक शोक सभा का आयोजन कर मृतक पत्रकार राघवेंद्र तथा कैराना पत्रकार संगठन के अध्यक्ष संदीप इंसा की माता के देहांत पर दो मिनट का मौन रखा। संगठन के अध्यक्ष हरेंद्र मालिक ने पत्रकार राघवेंद्र की हत्या करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मीटिंग के बाद में एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेलकर बधाई दी। मीटिंग की अध्यक्षता हरेंद्र मलिक ने की तथा संचालन मेहरबान कुरैशी ने किया। सचिव हारून सैफी ने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान में हमेशा तत्परता से समाधान किए जाने का आश्वस्त करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। मौके पर मौजूद सभी संगठन के साथियों ने एक दूसरे को फूलों के साथ होली खेलकर शुभकामनाएं और बधाइयां दी। इस मौके पर पत्रकार संघ के संरक्षक विनोद जैन अध्यक्ष हरेंद्र मालिक,सचिव हारून सैफी कोषाध्यक्ष तस्लीम सादिक चौधरी मुबारिक अमित कुमार शाकिर अली मेहरबान कुरैशी जितेंद्र चौधरी कादिर आदि मौजूद रहे।

# स्टांप वेंडरों की मनमानी से जनता परेशान

## स्टांप धारकों द्वारा अपने लाईसेंस कमीशन पर देकर कराए जा रहे हैं संचालित

**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** स्टंप वेंडरों की मनमानी के चलते कचहरी परिसर में ई स्टांप खरीदने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लाइसेंस होने के बावजूद भी छोटे ई स्टांप निकालने से साफ मना कर दिया जाता है। कचहरी परिसर में स्टांप वेंडरों की मनमानी के चलते आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लाइसेंस होने के बावजूद भी छोटे ई स्टांप निकालने से साफ तौर पर मना कर दिया जाता है,जिससे पीड़ितों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। वैसे तो लगभग एक दर्जन से अधिक लाईसेंस धारक स्टांप विक्रेता यहां मौजूद हैं, मगर छोटे ई स्टांप गिने-चुने स्टंप विक्रेताओं द्वारा ही निकाले जा रहे हैं। ऐसे में लोगों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। वेंडरों की मनमानी व हठधर्मिता के चलते जहाँ 10 वाला स्टांप 30 में ब्लैक से मिल रहा हैं,वहीं समय की बबार्दी भी अधिक ही हो रही है। क्योंकि गिने चुने वेंडर ही स्टांप निकाल रहे हैं,जिस कारण उनके पास भीड़ लगी रहती है। अगर सभी वेंडर ई स्टंप निकाल दें तो समस्या का समाधान हो जाएगा।

**कमीशन पर चल रहे स्टांप लाइसेंस:** कचहरी परिसर में लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों के पास ई स्टांप का लाइसेंस मौजूद है। बावजूद इसके अभी भी ई स्टांप लेने के लिए लोगों को भटकना पड़ता है,क्योंकि अधिकतर लाइसेंस धारकों द्वारा अपने-अपने लाइसेंस कमीशन पर चलाये हुए हैं,जो खुद ई स्टांप नहीँ निकलते बल्कि अपना लाईसेंस किसी अन्य को कमीशन पर देकर संचालित करा रहे हैं। क्या ऐसे स्टंप विक्रेताओं के के खिलाफ निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

**इन्होंने कहा...**

सभी स्टांप विक्रेताओं की मीटिंग लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे,निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली पाए जाने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया जएगा।

स्वप्निल कुमार यादव
एसडीएम कैराना

# बाजारों में चढने लगा है होली का रंग, सजी दुकानें, खरीददारी शुरू

## 13 मार्च को होलिका दहन व 14 मार्च को मनाया जाएगा दुल्हैंडी का त्यौहार, रंग, गुलाल व पिचकारियों की खरीददारी शुरू



**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** 13 मार्च को होली व 14 मार्च को दुल्हैंडी के त्यौहार को लेकर बाजारों में होली का रंग चढने लगा है। बच्चे जहां स्कूल-कालेजों में होली खेलने की तैयारी में है, वहीं बाजारों में भी अब रंग खरीदने के लिए भीड़ पहुंचने लगी है। बाजारों होली को लेकर गुलजार दिख रहे है। किराना दुकान व जनरल समान वाली दुकानों पर रंग-अबीर, पिचकारी ज्यादा रूप में दिखाई दे रही है। खासकर रंग-पिचकारी बेचने वाले थोक एवं खुदरा दुकानों की सजावट देखते बन रही है। 13 मार्च को होलिका पूजन-दहन और 14 मार्च को दुल्हैंडी है। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं और बाजार तो पूरी तरह तैयार हैं। अभी तक बाजार में ग्रामीण क्षेत्र के दुकानदार ही होली के लिए रंग-गुलाल व पिचकारी आदि खरीदने आ रहे थे, लेकिन अब बाजार पूरी तरह गुलजार होने लगे हैं। स्कूलों में भी होली खेली जानी है इसके लिए बच्चे भी पूरी तैयारी में हैं और रंग की खरीदारी के लिए बाजार में पहुंच रहे हैं। साथ ही कुछ जगहों पर गली-मौहल्लों में बच्चों ने होली खेलना शुरू भी कर दिया है। शहर के भिक्की मोड़ निवासी व्यापारी पंकज जैन ने बताया कि अब बिक्री बढ़ती ही जाएगी। बच्चे गुलाल वाली पिचकारी भी काफी ले जा रहे हैं। माजरा रोड पर होली के सामान की दुकान करने वाले व्यापारी मनीष गर्ग ने बताया गुलाल से भरे सिलेंडर की मांग बढ रही है, डिमांड को देखते हुए इन्हें और मंगाया जा रहा है। इसकी कीमत 1400 रुपये है। दाम अधिक होने के कारण पहले कम ही पीस मंगाए थे। बच्चों को लुभाने के लिए कई तरह की कार्टून पिचकारियां भी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। कार्टून पिचकारियों में सबसे ज्यादा मांग डोरोमोन, शिनचैन की हो रही है, इसके अलावा छोटा भीम, हाथी, भालू, तोप, टैंक की भी खरीददारी हो रही है। वहीं रंग-पिचकारी के थोक व्यापारियों के यहां भी छोटे व्यापारी की भीड लगी हुई है।

### होली को लेकर बाजार हुए गुलजार, उमड रही भीड़

झिंझाना। होली की तैयारी को लेकर जहां बाजार गुलजार हो रहे हैं, तो वहीं रमजान माह के चलते भी बाजार में हर दिन चहल पहल बढ़ रही है। होली के त्योहार को लेकर नगर व देहात क्षेत्र में गुलाल और रंगों से दुकानें सज रहीं हैं। पूरे दिन दुकानों पर रंग और अबीर गुलाल खरीदने वालो की भीड़ जुट रही है, शुक्रवार को होली का त्योहार मनाया जाएगा। मंगलवार को बाजारों में रंग और गुलाल, पिचकारियां आदि सामान की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ जुट रही। दुकानदारों का कहना है कि बाजारों में होली के त्योहार लेकर रौनक लौट आई है |होली को खास तरीके से मनाने के लिए किराने की दुकानों पर खरीदारी को लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। ऐसे में किराना दुकानदार चीनी, रिफाइन, मैदा, सूजी आदि सामानों की अधिक से अधिक बिक्री करने में जुट गए हैं।

**आवश्यकता है**

**दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स** में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना चौसाना बिडौली गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
9082190000,9997173786

# ओवरसीज रिक्तियों के संबंध में कैरियर काउंसलिंग

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** जिला सेवायोजन कार्यालय शामली द्वारा ओवरसीज रिक्तियों के संबंध में मंगलवार को गुरु वशिष्ठ पैरामेडिकल कालेज में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया जिसमें 80 प्रशिणार्थियों ने भाग लिया। मंगलवार को पैरामेडिकल कालेज में आयोजित कैरियर काउंसलिंग में चेयरमैन नीरज कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग की गयी। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि छात्र-छात्राओं को विदेशों से प्राप्त रोजगारों के संबंध में जानकारी दी गयी जिसमें इजराइल, जापान व जर्मनी से प्राप्त 6300 नर्स/सहायक नर्स की रिक्तियों में आवेदन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

## आपसी भाईचारा एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाये होली त्यौहार, संवेदनशील

# स्थानों समेत हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी विशेष नजर

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), रंगों की त्यौहार होली पर्व एवं रमजान पर्व- 2025 को शान्तिपूर्ण एवं आपसी सौहाद्र के साथ मनाये जाने को लेकर रविन्द्र भवन टाउन हॉल, पाकुड़ में उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा शान्ति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर प्रशासन की अपेक्षाओं से अवगत कराया तथा शान्ति समिति सदस्यों से उनके सुझावों को सुना गया। होली एवं रमजान पर्व में विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। सूचनाओं के आदान प्रदान को लेकर समाहरणालय परिसर में जिला कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। सभी बीडीओ/ सीओ को अपने क्षेत्र अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों में 24*7 एम्बुलेंस, आवश्यक जीवन रक्षक दवा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने शान्ति समिति सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नागरिक सुविधाओं से सम्बन्धी जितने भी शिकायत / सुझाव प्राप्त हुए हैं, उन सभी का समाधान समयबद्ध रूप से किया जायेगा। उन्होंने विशेष तौर पर युवा वर्ग को



सचेत करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह का भ्रामक खबर दूसरों को फॉरवर्ड नहीं करेंगे, जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो। जिले में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रशासनिक तैयारी पूरी है। सभी चौक- चौराहों में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की निगरानी में नाकाबंदी रखेंगे। आपसी भाईचारे एवं हर्षोल्लास के वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दे, सोशल मीडिया पर किसी भी कंटेट को जिम्मेदारी एवं समझदारी से अपलोड करे। सोशल मीडिया माध्यम से किसी भी तरह का फेक न्यूज आपके पास आये तो सबसे पहले नजदीकी थाना प्रभारी, बीडीओ, सीओ या जिला स्तर के पदाधिकारियों के स्तर से उसकी सत्यता की पुष्टि होने पर ही दूसरों को फॉरवर्ड करे। मिठाई व रंग में मिलावटखोरी पर नकेल कसने के लिए फूड सेफ्टी ऑफिसर, अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी कारवाई के लिए उत्पाद विभाग को उन्होंने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पर्व त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने में शांति समिति के सदस्यों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है, प्रशासन की भावनाओं से समाज के लोगों को अवगत करायें तथा विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन का सहयोग करे। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार* ने बताया कि जिले में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। सभी संवेदनशील धार्मिक स्थलों, चौक-चौराहों को चिन्हित किया गया है, जहां दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती रहेगी। स्टैटिक जांच व भ्रमणशील दल भी एक्टिव रहेंगे। किसी भी तरह से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सूचना का प्रसार नहीं करे, 24*7 सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशापान कर वाहन चलाने वाले विशेष रूप से सचेत रहे। किसी को भी जबरदस्ती रंग नहीं लगाये, सामने वाले की भावनाओं का उचित सम्मान करते हुए त्यौहार मनाये। भड़काऊ गीत नहीं बजायें जिससे किसी की भी भावना आहत हो। बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजुर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी जितेन्द्र कुमार, पाकुड़ एसडीपीओ डीएन आजाद, महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार, सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी तथा जिला के गणमान्य लोग अन्य मौजूद रहै।

## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु सरकार खोलेंगे नि:शुल्क कोचिंग संस्थान - रामदास सोरेन



**एनपीटी,**

रांची, झारखण्ड में हेमन्त सोरेन सरकार अब अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। अब सूबे में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को सरकार मुफ्त में तैयारी करने के लिए कोचिंग संस्थान खोलेगी। दरअसल स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा के बाद सरकार का पक्ष रखते हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार झारखण्ड के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग संस्थान खोलेगी। यहां विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करायी जायेगी, रहने की व्यवस्था भी होगी। कहा सरकार जमशेदपुर में जनजातीय विश्वविद्यालय खोलेगी। साथ ही शिक्षक, छात्र की उपस्थिति पर नजर रखने के लिए सरकार ने टैब का वितरण किया है। चर्चा के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का 6 करोड़ 63 लाख 89 हजार की अनुदान मांग भाजपा के बहिष्कार के बीच ध्वनिमत से पारित हो गया। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकार आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक को शिक्षा से वंचित रखना चाहती थी।

इस कारण लगभग सात हजार से अधिक स्कूल बंद करवाया। हमारी सरकार आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ों को पढ़ने के लिए विदेश भेज रही है। कहा सरकार गोड्डा, चाईबासा और बोकारो में नवोदय विद्यालय की तर्ज पर स्कूल खोलेगी तथा 10 विद्यार्थी पर क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा के शिक्षक बहाल किये जायेंगे।

## जेपीएससी-2 के पांच अफसरों के खिलाफ सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने दी जांच के आदेश




**एनपीटी**

रांची, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने जेपीएससी-2 के पांच अफसरों के खिलाफ नये सिरे से जांच करने का आदेश दिया है। इन अधिकारों में प्रशांत कुमार लायक, लाल मनोज नाथ शाहदेव, कुमार शैलेंद्र, हरि उरांव और कुमारी गीतांजली का नाम शामिल है। न्यायालय ने अपने आदेश की कॉपी सीबीआई के ब्रांच हेड को भेजने का निर्देश दिया है।सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने जेपीएससी-2 के अभियुक्तों के खिलाफ संज्ञान से सम्बन्धित आदेश में लिखा है कि सीबीआई ने इन पांच अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित नहीं किया है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि जांच के दौरान प्रशांत लायक, लाल मनोज नाथ शाहदेव, कुमार शैलेंद्र, हरि उरांव और कुमारी गीतांजली के खिलाफ कोई प्रमाण नहीं मिला। न्यायालय ने अपने आदेश में लिखा है कि यह सभी प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त हैं। प्राथमिकी में इनके खिलाफ स्पेसिफिक आरोप हैं। इससे सम्बन्धित फॉरेंसिक रिपोर्ट में इनके नंबरों में बदलाव किये जाने का ब्योरा उपलब्ध है। जांच अधिकारी ने इन्हें आरोप मुक्त करने के लिए किसी कारण का उल्लेख नहीं किया है। हालांकि परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितता होने की बात कही है। न्यायालय ने अपने आदेश में लिखा है कि जेपीएससी द्वारा की गयी नियुक्तियों में अनियमितता के सिलसिले में हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। बुद्ध देव उरांव बनाम राज्य सरकार के इस मामले में हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में जेपीएससी-1, जेपीसीएससी-2 सहित नियुक्तियों के लिए आयोजित की गयी 16 परीक्षाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से दायर शपथ पत्र में भी परीक्षा के दौरान अनियमितता बरतने की बात कही गयी थी। इन तथ्यों के मद्देनजर जांच अधिकारी को याचिकाकर्ता का बयान दर्ज कर रिकॉर्ड पर लाना चाहिए था। लेकिन जांच अधिकारी ने ऐसा नहीं किया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने हसन भाई वली भाई बनाम गुजरात सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये फैसले के आलोक में उन अभियुक्तों के खिलाफ नये सिरे जांच आवश्यक करार दिया है। साथ ही सीबीआई को नये सिरे से जांच कर पूरक आरोप पत्र दायर करने का आदेश दिया है।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन के खिलाफ डीसी ने अधिकारियों को सख्ती के दिया निर्देश



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ स्थित रविन्द्र भवन टाउन हॉल में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक आहूत की गई। उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर टास्क फोर्स की टीम को अभियान चलाकर छापेमारी करते हुए संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कारवाई कर रोकथाम करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने अवैध खनन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए खनन माफियाओं पर नकेल कसने और प्रभावी कारवाई करने के निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में जिला अन्तर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण की समीक्षा की गयी। साथ ही, प्रदूषण विभाग को सीटीओ में दिये गये शर्तों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जांच करने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों पर अर्थ दंड लगायें और उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कारवाई करना सुनिश्चित करे।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्यवासियों को दी होली की बधाई एवं शुभकामनाएं



**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, (झा०खं०), विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं अन्य ने झारखण्ड विधानसभा परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत की। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं और बधाई दी। वही मीडिया बंधुओं से वातालर्प के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्यवासियों को रंगों की त्यौहार होली पर्व एवं सोहराय की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी को होली की बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। कहा रंगों का यह त्यौहार सभी के जीवन में खुशहाली लाए, आप सभी स्वस्थ रहे, यही कामना करता हूं। जोहार!

## बारियातू में नौवीं बोर्ड परीक्षा शान्तिपूर्ण सम्पन्न



**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला के बारियातू प्रखंड के दो परीक्षा केंद्रों पर नौवीं बोर्ड की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। परीक्षा में कुल 1203 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रखंड में परीक्षा के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमें मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय और राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय शामिल थे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय परीक्षा केंद्र की केंद्राधीक्षिका अनीता देवी ने बताया कि उनके केंद्र में कुल 465 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 460 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक अनिल कुजूर ने बताया कि इस केन्द्र पर उच्च विद्यालय गोनिया, फूलसू, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय फुलबसिया एवं उच्च विद्यालय बेसरा के कुल 738 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिनमें से 728 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में अजय बैठा, संजीव कुमार सहित कई शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को वातालर्प हेतु किया आमंत्रित

एनपीटी, भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग में सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निवार्चन पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित रूप से बातचीत करे। ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से ही मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर हल करे और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कारवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत भागीदारी के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गये 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960; निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## बबन कुमार सिंह के गृह प्रवेश समारोह में कांग्रेस के

# प्रदेश अध्यक्ष सहित कई दिग्गजों हुए शामिल

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला के बारियातू प्रखंड अन्तर्गत डाढा ग्राम निवासी प्रदेश कांग्रेस नेता सह- समाजसेवी बबन कुमार सिंह, के गृह प्रवेश समारोह में सोमवार रात्रि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव माहतो कमलेश, प्रवक्ता राजु मुजनी व मोहम्मद रियाज के अलावा कई दिग्गज नेताओं ने शिरकत की. यह भव्य आयोजन डाढ़ा ग्राम स्थित उनके निवास स्थान पर संपन्न हुआ, जहां पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय ग्रामीणों में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ने बबन कुमार सिंह को तोहफा देकर उनके प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की. उन्होंने कहा कि बबन कुमार सिंह ने हमेशा



जनता की सेवा को प्राथमिकता दी है. और उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस समारोह में वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, और स्थानीय गणमान्य लोग शामिल थे. सभी ने एक स्वर में बबन कुमार सिंह की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश और केंद्र की राजनीति पर भी चर्चा की. उन्होंने पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जनता तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया और कार्यकताओं को एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

लोगों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इस आयोजन में भाग लिया और बबन कुमार सिंह का अभिनंदन किया। बबन कुमार सिंह ने इस सम्मान और प्यार के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, जेएमएम नेता कामेश्वर भोगता,लाल आशिष नाथ शाहदेव,समाजसेवी उमेश सिंह शिव मंगल सिंह सुनिल सिंह, नन्दु उरांव, अजीत सिंह, विनय कुमार सिंह के अलावा काफी संख्या में समाजिक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

# सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

## काली पट्टी बांधकर जताया हत्याकांड का विरोध

- उपज पत्रकार संगठन के बैनर तले पहुंचे थे सेंकड़ों पत्रकार
- पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा, सरकारी नौकरी की मांग की



नेशनल प्रेंस टाईम्स ब्यूरो

मेरठ। वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की सीतापुर में हुई निर्मम हत्या के विरोध में पत्रकार संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) के बैनर तले सैकड़ों पत्रकारों ने काली पट्टी बांधकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा। गत 8 मार्च 2025 को सीतापुर में दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। चार दिन बीत जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस घटना के विरोध में पत्रकारों ने एकजुट होकर न केवल दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की, बल्कि सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की भी अपील की। ज्ञापन के माध्यम से उपज अध्यक्ष अजय चौधरी ने सरकार के समक्ष कई प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें शामिल हैं। हत्या में संलिप्त सभी दोषियों को कठोरतम दंड दिया जाए। सभी आरोपियों पर देशद्रोह सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए।

मृतक पत्रकार की पत्नी को सरकारी नौकरी दी जाए एवं बच्चों की शिक्षा एवं चिकित्सा व्यय का खर्च सरकार वहन करे। परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए। उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए। पत्रकारों द्वारा की गई शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने पत्रकारों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि मेरठ में पत्रकारों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और पत्रकार हितों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

इस विरोध प्रदर्शन में महामंत्री ललित ठाकुर, उपाध्यक्ष नकुल चतुवेर्दी, प्रवक्ता अरुण सागर राज, संगठन महामंत्री राजू शर्मा, महानगर अध्यक्ष पवन शर्मा, सचिव राजन सोनकर, उपसचिव दीपक वर्मा, राहुल राणा, लोकेश, विपुल सिंघल, अमित तोमर, सचिन कश्यप, रोहित कुमार, रितेंद्र,मदनपाल गौतम,खालिद इकबाल,सहित सैकड़ों पत्रकार शामिल रहे। पत्रकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करती, तो प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# पीड़िता सुषमा खा रही है डर-डर की ठोकरे नहीं हो रही है कारवाई। पीड़िता ने लगाई अधिकारियों से अपनी जान की गुहार

## पीड़िता को दी जा रही है जान से मारने की धमकी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




गाजियाबाद मैं।थाना विजयनगर के अंतर्गत पीड़ित सुषमा निवासी- मकान नंङ्ग- 9/289, ब्लॉक नंङ्ग- 19,काशीराम आवास योजना, सेक्टर- 11, प्रताप विहार, पीड़िता व उसके ससुराल पक्ष के लोगों के मध्य काफी समय से वाद झ विवाद व मुकदमे बाजी चल रही है। जिस कारण प्रार्थनी पीडिता द्वारा ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध न्यायालय गाजियाबाद मे अन्तर्गत धारा- 125 सी आर पी सी और अन्तर्गत धारा- 498-, आई पी सी सम्बन्धित थाना- विजयनगर, क्षेत्राधिकार के आधार पर न्यायालय मे योजित कर रखे है। जिसमे अभियुक्तगण 1.राहुल, 2.आरती, 3.दीपमाला, 4.शीतल, 5.अमित, 6.ब्बलू वांछित है। प्रार्थनी / पीडिता अपने मुकदमो मे पैरवी करने के लिए न्यायालय गाजियाबाद मे जब झ जब आती है तो अभियुक्तगणों द्वारा पीडिता को रास्ते मे आते जाते रोक कर मुकदमा वापिस करने के लिए डराया व धमकाया जा रहा है। प्रार्थनी जो अपनी विधवा माता के साथ रह कर जीवन यापन कर रही है। प्रार्थनी को यह डर व अंदेशा भी है कि अभियुक्तगण एक राय साजिशन व रंजिशन होकर भविष्य मे किसी भी संज्ञय घटना को अंजाम दे सकते है। पीडिता व उसके परिवार को यदि किसी भी प्रकार की अकाल मृत्यु व कोई भी क्षति होती है। तो उसकी जिम्मेदार अभियुक्तगण संभवतः होंगे पीडिता द्वारा अभियुक्तगणों के विरुद्ध सम्बन्धित थाना विजयनगर पर जाकर कानूनी कार्यवाही हेतु शिकायत पीड़िता। पत्र कई बार प्रेषित किए परन्तु प्रार्थनी को आज तक न्याय नहीं मिला बकली अभियुक्तगणों के होसले ओर बुलन्द हो गए है। जिस कारण अभियुक्तगण पीड़िता को समाज व रिस्तेदारी मे गंदे व अभद्र झूठे लांछन लगाकर पीड़िता। की मान सम्मान प्रतिष्ठा को धूमिल कर मान हानि की क्षति पँहुचा रहे है तथा पीडिता को अत्यमहत्या करने के लिए बही मजबूर व प्रेरित कर रहे है। और कहते है कि ह्यया तो तू आत्महत्या कर ले वरना हम तुझे जान से मार व मरवा देंगे हमारी शासन व प्रशासन मे अच्छी पकड़ है तेरी खैरियत इसी मे है कि तू मुकदमा वापिस लेले वरना हमसे बुरा कोई नहीं होगाह्व तब से पीडिता व उसका परिवार बेहद डरा व सहमा हुआ है। जिसकी बाबत प्रार्थनी / पीडिता सम्बन्धित थाना विजयनगर पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के लिए गयी। परंतू पीडिता कोई किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। अब मजबूर होकर के समक्ष न्याय की गुहार के लिए आयी है। पीड़िता सुषमा ने कहा। है कि अगर मुझे अन्याय नहीं मिला तो मैं आत्महत्या कर लूंगी।

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन गाजियाबाद ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन






नेशनल प्रेस टाइम्स। संवाददाता/विक्की बागड़ी

गाजियाबाद।ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन गाजियाबाद ने नवयुग मार्केट। स्थित। रेस्टोरेंट में किया होली मिलन समारोह का आयोजन। किया गया। समारोह का शुभारंभ। अतिथि। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी। जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा। सपा नेत्री मधु चौधरी। ने किया। सत्येंद्र सिंह नगर जिला महासचिव इकबाल खान नरेश सिंह खरकिया। कोष अध्यक्ष।ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर ने बताया कि हम हर साल होली मिलन समारोह का आयोजन करते हैं। होली मिलन के समारोह पर राधा कृष्ण जी की झांकियां अन्य झांकियां का अभी आयोजन किया उपस्थित रहे ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी मनोज गौड़ (जयपुर गुजरात रोड लाईन्स), राजेश भारद्वाज (पूजा ट्रांसपोर्ट क.), संजीव अग्रवाल (जीएमआर ट्रांसपोर्ट कम्पनी), विनोद अग्रवाल (अग्रवाल रोड लाईन्स), दीपक धमेन्द्र (नेशनल ट्रांसपोर्ट कम्पनी), राहुल शर्मा (एम डी भट्ट कार्गो मूवर्स) नानक चन्द (नानक रोड लाईन्स), कमल जीत सिंह (घुम्मन ट्रांसपोर्ट क.), बुद्धनारायण मिश्रा (मिश्रा रोड लाईन्स), नवीन कौशिक (रामेश्वर रोडवेज), जमशेद चौधरी (चौधरी ट्रांसपोर्ट), इरफान (चौधरी ट्रांसपोर्ट क.), मनीष जैन (बाला जी कोरिवर), जावेद खान (बालोत ट्रांसपोर्ट क.), राजेन्द्र सिंह (पूर्वांचल रोड लाईन्स क.), रामसकल सिंह ठाकुर (ठाकुर रोड लाईन्स), नवाबुद्दीन (एन एम ट्रांसपोर्ट क.), संजीव चंदा (सी एम टी सी), धर्मवीर शर्मा (न्यू हरियाणा रोडवेज), सुनील झा (महा मेधा ट्रांसपोर्ट क.), गिरिश पठ (अलवर गोल्डन ट्रांसपोर्ट कम्पनी), मेजर सिंह (दिल्ली नवाशहर ट्रांसपोर्ट क.), संजीव नागर (गाजियाबाद टेलर सिंडिकेट), प्रमोद सचदेवा (सचदेवा ट्रांसपोट क), वेदपाल (गौरव रोड लाईन्स), सन्नी चौधरी (सन्नी रोड लाईन्स), नमन तनेजा (शंकर रोड लाईन्स) राम सेवक यादव (दिल्ली आन्दरा रोड लाईन्स), मुन्ना ठाकुर (पूजा ट्रांस्पोर्ट क.), हरवीर जी (गाजियाबाद आगरा ट्रा. कं.), अतुल टावर (अतुल टावर), आर. के. गुप्ता जी (आर.के. ट्रांसपोर्ट कं.), सुनील कुमार सिंह (जय दुर्गा ट्रांस्पोर्ट कं.), दिवाकर शुक्ला (महादेव कार्गो मूर्वस), भास्कर शुक्ला (महादेव ट्रेलर सर्विस), शशीकान्त मिश्रा जी (न्यू ओम लखनऊ ट्रांसपोर्ट कं.) अरूण कुमार (मौर्या ट्रांसपोर्ट कं.), संजय पुंडीर (राजस्थान एम.पी पीटीपी कं.), गोविन्द शर्मा (तमन्ना ट्रांस लोजिस्टिक), दीपक चौधरी (सिकन्द्राबाद बॉम्बे रोडलाईन्स), कुलदीप सिंह (न्यू अलवर गोल्डन ट्रांसपोर्ट), ब्रिजेश मीडिया प्रभारी (ब्रिजेश टैम्पू सर्विस) सुनील कुमार (भदोही सोनवद रोड लाईन्स), अरूण जैन (नवीन रोड कोरियर), संजय पाल (एस.पाल ट्रांसपोर्ट के.) महेन्द्र कुमार (कुमार ट्रांसपोर्ट), कृष्णाकान्त (एसोसिएट रोड कार्गो लोजिस्टिक, राहुल शर्मा (एम.डी. भट्ट रोडलाईन्स), काले सरदार जी (मलीही रोड लाईन्स), देवेन्द्र सिंह (गगन रोड लाईन्स), अर्जुन गम्भीर (कल्याणी ट्रांसपोर्ट), अश्वनी (सिटी कैरियर), विकास शर्मा (विकास रोड लाईन्स), मोहित शर्मा (शर्मा रोड लाईन्स), रामस्वरूप शर्मा (जोधपुर कोटा कारगो मूवर्स) सुरज्ञान कसाना (देव रोड लाईन्स), मनजीत जागडा (पुन्ना नागपुर रोड लाईन्स), मनधीर कुमार (कुमार ट्रांसपोर्ट कं.), विकास यादव (विकास रोड लाईन्स) रोहित मिश्रा (मिश्रा रोड लाईन्स), नरेश कुमार बतरा, नानक चन्द, ओमप्रकाश, अंकुर चौधरी, नवीन गुप्ता (मोनी), राघवेन्द्र, गजराज सिंह (मामा) उपस्थित रहे।

# अंसल के अधिकारियों ने नहीं की सुनवाई, लोगों ने चंदा लेकर बनवाई सड़कें

गाजियाबाद। अंसल समूह के निदेशकों और प्रतिनिधि कईसाल बाद भी डूंडाहेड़ा स्थित सुशांत एक्वापोलिस के लोगों को मूलभूत सुविधा नहीं दे सके। कॉलोनी के लोगों ने 25 लाख रुपये चंदा इकट्ठा कर दो सड़कों का निर्माण कराया। इतना ही नहीं कॉलोनी के लोगों से बिजली बिल जमा करने के नाम पर 45 लाख रुपये वसूला गया जो जमा नहीं किया गया। बिल बकाया होने से ऊर्जा निगम ने कॉलोनी की लाइन काट दी। लोगों ने फिर से चंदा इकट्ठा कर अपने-अपने निजी बिजली कनेक्शन लगवाए।

सुशांत एक्वापोलिस रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि 2006 से अब तक लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सोसायटी में सीवर लाइन, पेयजल की पाइपलाइन, पानी की टंकी, सड़कें और बाउंड्रीवाल तक की सुविधा नहीं है। बताया कि दर्जनों बार समूह प्रबंधन और प्राधिकरण में शिकायत की गई, इसके बावजूद भी सुविधाओं से वंचित रहे। बताया कि लोगों ने चंदा एकत्र कर 25 लाख रुपये की लागत से दो सड़कों का निर्माण कराया है। 13 रुपये प्रति वर्ग मीटर मेंटेनेंस चार्ज वसूला जा रहा है। मेंटेनेंस चार्ज न देने पर कानूनी नोटिस जारी कर दिए गए हैं।

लोगों ने समय पर बिजली का बिल दिया, इसके बाद भी 45 लाख रुपये बकाया बताकर ऊर्जा निगम ने कॉलोनी का कनेक्शन काट दिया। पता चला कि अंसल समूह के प्रतिनिधियों ने लोगों से रुपये लेने के बाद भी बिल जमा नहीं किया। ऐसे में लोगों ने ऊर्जा निगम से एस्टीमेट बनवाकर बिजली के निजी कनेक्शन कराए। ग्रीन बेल्ट के पार्क भी प्लॉटिंग कर-के बेच दिए गए। दो पार्कों की देखरेख के लिए एक भी कर्मचारी नहीं हैं। आरोप है कि शिकायत करने पर मेंटेनेंस कार्यालय में तैनात बाउंसर लोगों से अभद्रता करते हैं।

सुशांत एक्वापोलिस कॉलोनी के लोगों ने बताया कि उन्होंने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में कई बार प्रदर्शन कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। जिसके बाद प्राधिकरण ने अंसल समूह के निदेशकों को अलग-अलग दिन में 18 नोटिस जारी किए। कालोनाइजर ने एक भी नोटिस का जवाब नहीं दिया। अध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर 16 बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# अटल वयो अभ्युदय योजना आधारित कार्यक्रम हमारे बुजुर्ग हमारा अभिमान का आयोजन

नेशनल प्रेंस टाईम्स ब्यूरो

गाजियाबाद। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के प्रयोजन में कम्यूनिटी रेडियो एसोसिएशन द्वारा निर्मित अटल वयो अभ्युदय योजना पर आधारित कार्यक्रम हमारे बुजुर्ग हमारा अभिमान के तहत हिन्ट रेडियो द्वारा सी ब्लॉक शास्त्रीनगर में आयोजित किया गया। यहां सीनियर सिटीजन अंजु शर्मा के आवास पर किए गए जागरुकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलोनी की वूमेन सीनियर सिटीजन ने भाग लिया। गोष्ठी में वूमेन सीनियर सिटीजन को हिन्ट रेडियो द्वारा बताया गया कि बुजुर्गों के सम्मान और सुरक्षा को लेकर भारत सरकार बेहद गंभीर है। बुजुर्गों की सेवा में हेल्पलाइन नंबर 14567 सुबह आठ बजे से रात्री आठ बजे तक रहती है।



अटल व्यो अभ्युदय योजना को लेकर हिन्ट रेडियो पर किए गए एक एपिसोड को ब्लू टूथ के माध्यम से स्पीकर पर सुनाया गया। सभी सीनियर सिटीजन वूमेन ने जानकारी पाकर हिन्ट रेडियो की टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर 75 वर्षीय शेल अग्रवाल, 75 वर्षीय शिखा चौधरी, 70 वर्षीय मीना सक्सेना, 69 वर्षीय आशा सिंघल, 66 वर्षीय निर्मला गुप्ता, पूजा यादव, रेखा कश्यप, अंजु शर्मा, अनिता रानी, रेखा सिंह, सीमा कुशवाह, अंशु मलिक आदि मौजूद रहीं।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

# भाजपा कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया राजस्व विभाग के मंत्री हेमंत मीणा का जन्मदिन

नेशनल प्रेंस टाईम्स ब्यूरो

अरनोद - भारतीय जनता पार्टी अरनोद मंडल के कार्यकताओं ने राजस्थान सरकार के राजस्व विभाग के मंत्री हेमंत मीणा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर अरनोद सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गोतमेश्वर गोशाला में जाकर गायों को हरा चारा खिलाया साथ ही सिंहपुरिया माता जी के मंदिर पर हवन कर लंबी उम्र की कामनाएं की अरनोद मंडल मीडिया प्रभारी पवन धाकड़ ने बताया रक्तदान शिविर में 25 यूनिट ब्लड डोनेट किया साथ ही महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष अर्चना शाह ने भी रक्त दान किया रघुवीर सिंह मंडल




अध्यक्ष बालूराम डांगी उदय लाल मीणा, बालुराम मीणा भेरुलाल सरपंच फतेहगढ़ शांतिलाल मीणा पंचायत समिति सदस्य मुन्नालाल डांगी महामंत्री नरेंद्र गिरी गोस्वामी भगवान सिंह सोहन सिंह मुकेश पाटीदार केसुरम मीणा महामंत्री अमृत मीणा खेमराज कटारा बकट डांगी रमेश चंद्र मीणा लालू राम मीणा कांतिलाल मीणा राजू भाई शर्मा नारायण लाल महेंद्र सिंह टांडा प्रेम गोपाल ईश्वर चौधरी प्रकाश डांगी रामलाल मीणा जीवन आंजना गणपत दास विशाल जेन जसपाल आंजना सलीम खान गणपत धनगर प्रकाश प्रजापत रवि शर्मा राम सिंह डांगी उपस्थित थे

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।